दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 95 | सीकर, बुधवार 03 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# पचास हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की स्पेशल यूनिट बीकानेर ने कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर तहसील क्षेत्र में तैनात एक पटवारी को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पटवारी खाता विभाजन और शुद्धिकरण के कार्य के बदले परिवादी से एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी स्पेशल यूनिट बीकानेर को शिकायत मिली थी कि पटवार हल्का 68 एलएनपी रिडमलसर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर में कार्यरत पटवारी अंकुश कुमार परिवादी के चक 68 एलएनपी रिडमलसर स्थित मुरब्बा नंबर 35 एवं खाता संख्या 135 के संयुक्त खाते का विभाजन और शुद्धिकरण करने के बदले एक लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। जहां शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया। जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

# 75 वर्षीय महिला मरीज की ईआरसीपी से सफल सर्जरी, ढूकिया हॉस्पिटल में मिला नया जीवन

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** 75 वर्षीय अफरोज बानो को तेज बुखार, उल्टियां और पीलिया की शिकायत के बाद ढूकिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जांच एवं सोनोग्राफी के दौरान पता चला कि मरीज की पित्त की थैली एवं पित्त की नली में पथरी मौजूद है, जिससे उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। मरीज की गंभीर अवस्था को देखते हुए ढूकिया हॉस्पिटल के वरिष्ठ गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ नवीन महला एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक ईआरसीपी प्रक्रिया द्वारा सफल उपचार किया। सर्जरी के दौरान पित्त नली में फंसी पथरी को सुरक्षित रूप से निकाला गया तथा नली के सुचारू संचालन के लिए प्लास्टिक स्टेंट भी डाला गया। डॉ नवीन महला ने बताया कि पित्त नली में पथरी होने पर समय पर उपचार नहीं मिलने से संक्रमण, पीलिया एवं अन्य गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।

आधुनिक ईआरसीपी तकनीक की सहायता से बिना बड़े ऑपरेशन के मरीज को राहत प्रदान की जा सकती है। सफल उपचार के बाद अफरोज बानो के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ और उन्हें राहत मिली। मरीज एवं उनके परिजनों ने उपचार एवं देखभाल के लिए ढूकिया हॉस्पिटल के चिकित्सकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। डॉ नवीन महला ने कहा कि पित्त की थैली और नली से संबंधित रोगों का समय पर निदान एवं उपचार मरीज को गंभीर जटिलताओं से बचा सकता है। हॉस्पिटल निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में न्यूरो विशेषज्ञ, गैस्ट्रो एवं लिवर विशेषज्ञ एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी की जाँच, यूरोलॉजिस्ट, आर्थो, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, सोनोलॉजिस्ट, एमडी फिजिशियन सहित उपरोक्त सभी सुविधा ईसीएचएस, ईएसआईसी, आरजीएचएस एवं माँ योजना के अंतर्गत कैशलेश उपलब्ध है, जिससे आमजन को उच्च स्तरीय उपचार सुलभ और किफायती रूप में मिल रहा है। साथ ही इन हाउस 32 स्लाइस सीटी स्कैन एवं एडवांस कलर डॉपलर सोनोग्राफी सुविधाएं उपलब्ध है।

# सीबीएसई के नए चेयरमैन की घोषणा

## लोखंडे प्रशांत सीताराम बने सीएबीएसई के नए चेयरमैन

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब बोर्ड की नई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। सरकार ने लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। अब वही बोर्ड की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### कौन हैं लोखंडे प्रशांत सीताराम?

लोखंडे प्रशांत सीताराम अभी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर काम कर रहे हैं। आपको बता दें कि ये लोखंडे प्रशांत सीताराम ने बीई मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। लोखंडे प्रशांत महाराष्ट्र के रहने वाले और ह्रुस हैं।




### ऑन-स्क्रीन मार्किंग से बढ़ा था विवाद

दरअसल, इस साल कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया गया था। इस व्यवस्था के तहत छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके डिजिटल तरीके से जांचा गया। शुरुआत में इसे पारदर्शिता और तेजी बढ़ाने वाला कदम बताया गया था, लेकिन बाद में कई छात्रों और अभिभावकों ने इसकी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। कुछ छात्रों का दावा था कि बोर्ड की वेबसाइट पर जो स्कैन कॉपियां अपलोड की गईं, उनकी लिखावट उनकी असली हैंडराइटिंग से मेल नहीं खा रही थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे ने तेजी पकड़ ली। छात्रों और अभिभावकों ने आशंका जताई कि कहीं उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान में गड़बड़ी तो नहीं हुई।

केवल कॉपियों के मिलान का मामला ही नहीं, बल्कि कई तकनीकी समस्याओं की शिकायतें भी सामने आईं। शिक्षकों को भुगतान में देरी, सिस्टम के बार-बार फेल होने और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में लंबा समय लगने को लेकर भी नाराजगी बढ़ती गई।

### एमएसएम में खामियों की हो रही जांच

इस पूरे विवाद के बाद शिक्षा मंत्रालय ने मामले को गंभीर मानते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय ने एक हाई-लेवल कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए हैं, जो ओएसएम सिस्टम, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक कमियों की विस्तार से जांच करेगी। इसके अलावा री-इवैल्यूएशन पोर्टल की सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी क्षमता की भी समीक्षा की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है कि मामला केवल तकनीकी खराबी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें निगरानी और प्रक्रिया स्तर पर बड़ी चूक की आशंका भी नजर आ रही है।

# ममता बोलीं- पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को धमकी दे रही : लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी, लड़ूंगी या मर जाऊंगी; टीएमसी नेताओं का बस स्टॉप पर धरना

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी मंगलवार को सेंट्रल कोलकाता में अपना दिन भर का धरना दे रही हैं। ये धरना उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले, चुनाव के बाद हिंसा और फेरीवालों को हटाने के विरोध में हो रहा है।

धरना स्थल पर बनर्जी ने कहा- हमें मंच बनाने और माइक्रोफोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं दी गई।

पुलिस टीएमसी वर्कर्स को प्रदर्शनों में हिस्सा न लेने की धमकी दे रही है लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी। मैं इस मुश्किल समय में टीएमसी वर्कर्स को नहीं छोड़ूंगी। मैं लड़ूंगी या मर जाऊंगी। मैं तब तक नहीं मरूंगी जब तक आपको सत्ता से हटा नहीं देती। विपक्ष का नेता चुनने के लिए टीएमसी विधायकों के साइन पर हुए विवाद में ममता ने कहा कि बीजेपी गंदा खेल खेल रही है। अगर विधानसभा अध्यक्ष को साइन के असली होने पर यकीन नहीं है तो टीएमसी विधायकों के साइन का फोरेंसिक टेस्ट कराना चाहिए।

# भाजपा नेता पंवार की शिकायत पर संभागीय आयुक्त ने नगरपरिषद आयुक्त के खिलाफ खोली जांच

## एडीएम ने आरोपों से सम्बंधित दस्तावेज किए तलब

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा नेता रेंवतमल पंवार की शिकायत पर बीकानेर संभागीय आयुक्त ने संज्ञान लेकर नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त पर लगाये गये आरोपों पर जांच खोल दी है। इस हेतु संभागीय आयुक्त द्वारा एडीएम सुजानगढ़ को जांच कर 15 दिनों में रिपोर्ट करने के लिए आदेशित किया गया है, जिस पर एडीएम ने आरोपों से सम्बंधित सारे दस्तावेजात जांच हेतु तलब किए हैं। दूसरी ओर कार्यवाहक आयुक्त ने शिकायत में लगाए गए आरोपों से इंकार किया है। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने कहा कि पत्रावलियां सम्बंधित शाखाओं में रहती है और इस प्रकार का प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं आया है। पारीक ने कहा कि मुझ पर लगाये गये आरोप निराधार और बेबुनियाद हैं। भाजपा नेता रेंवतमल पंवार की ओर से संभागीय आयुक्त को कुछ दस्तावेजी सबूतों के साथ की गई शिकायत में बताया गया है कि नगरपरिषद सुजानगढ़ का प्रशासनिक कार्यभार पिछले करीब एक माह से अधिक समय से तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक के पास है। जब से उन्होंने कार्यकारी आयुक्त का पदभार संभाला है, उनके कार्यकाल में गंभीर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के आरोप निरंतर सामने आ रहे हैं। संभागीय आयुक्त को बताया गया कि गत 18 मार्च 2026 को नगरपरिषद सुजानगढ़ कार्यालय द्वारा ट्रेक्टर ट्रॉली मय श्रमिक कार्य हेतु निविदा जारी की गई थी। इसकी तकनीकी बिड 30 मार्च 2026 तथा फाइनेंशियल बिड 31 मार्च 2026 को खुलना सुनिश्चित था। परंतु कार्यकारी आयुक्त गिरधारी लाल पारीक एवं सहायक अभियंता चारवी द्वारा पुराने ठेकेदार से कथित तौर पर सांठ-गांठ कर उसे अनुचित लाभ पहुंचाने तथा उसकी समयावधि बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य फाइल से मूल नोटशीट को फाड़ दिया गया। तत्पश्चात नई नोटशीट तैयार कर निविदा को दुर्भावनापूर्ण तरीके से कैंसिल करने का प्रयास किया गया।

एक लोकसेवक के रूप में आयुक्त जैसे उच्च पद पर रहते हुए सरकारी फाइल की नोटशीट फाड़ना और उसमें बदलाव करना बेहद गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। शिकायत में बताया गया है कि निर्धारित समयावधि यानी 31 मार्च 2026 के समाप्त हो जाने के बाद भी वर्तमान में उक्त टेक्टर-ट्रॉलियां किसके आदेश से संचालित हो रही हैं ? तथा किन व्यक्तियों/ठेकेदारों को अनुचित वित्तीय लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्य बिना वैध निविदा के जारी रखा गया है, इसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष वित्तीय जांच करवाई जाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकारी व अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेजों को खुर्द-बुर्द करने एवं फाड़ने जैसे गंभीर अपराध के दृष्टिगत कार्यकारी आयुक्त को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जावे। साथ ही गांधी चौक स्थित पार्क के आवंटन के मामले की जांच करवाये जाने, इसे आम जन के लिए पूरा खुलवाये जाने की मांग भी की गई है।

# अल नीनो की आशंका पर केंद्र अलर्ट

## किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज सिंह चौहान



नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संभावित अल नीनो परिस्थितियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन समय रहते तैयारी करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और खरीफ सीजन को प्रभावित होने से बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### कम वर्षा वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कम वर्षा की आशंका वाले राज्यों और जिलों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्बुवाई, जीवनरक्षक सिंचाई, कम अवधि वाली फसलें, वैकल्पिक बुवाई योजनाएं और जिला-विशिष्ट कृषि सलाह किसानों तक समय पर पहुंचाई जानी चाहिए।

### बीज, नमी और जल प्रबंधन पर सरकार का फोकस

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संभावित मौसमीय चुनौतियों को देखते हुए बीजों की उपलब्धता, खेतों में नमी संरक्षण, जल प्रबंधन और वैकल्पिक फसल योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि बेहतर तैयारी के जरिए किसानों पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

### जलाशयों का जलस्तर सामान्य से बेहतर

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में देश के जलाशयों में जलस्तर सामान्य से बेहतर स्थिति में है, जो खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए एक बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जल संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है।

# रिपोर्ट- लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज

## नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा- पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा- तुम पागल हो गए हो क्या आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है।

# हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबंल कार्यक्रम के समर कैंप में इस वर्ष लाभान्वित हो रहे 1600 से अधिक विद्यार्थी

निसं

**उदयपुर (नवयत्न)।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा संबंल कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों में राज्य के 6 जिलों उदयपुर, सलुम्बर, राजसमंद, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा एवं अजमेर के राजकीय विद्यालयों के 1600 से अधिक बच्चें उत्साह से भाग ले रहे है। इन प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों के साथ ही शारीरिक, खेलकूद, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडकर उनके सर्वागिंण विकास की और अग्रसर किया जा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा विद्या भवन सोसायटी उदयपुर के सहयोग से आयोजित 9वें आवासीय ग्रीष्मकालीन शिविर का औपचारिक शुभारंभ विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल किया गया। 20 मई से 19 जून तक आयोजित होने वाले इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 340 से अधिक बच्चें 8 वीं, 10 वीं कक्षा एवं 12वीं कक्षा के मार्गदर्शन हेतु भाग ले रहे है। इस बार 6 लोकेशन चंदेरिया, दरीबा, देबारी, कायड़, आगूचा और जावर पर आयोजित गैर आवासीय कैम्पों में 1200 प्लस विद्यार्थी तथा उदयपुर में आयोजित 3 आवासीय कैंपों में सभी लोकेशन से आए कक्षा 10 के लगभग 240, कक्षा 8 के 50 और कक्षा 12 विज्ञान संकाय के 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस वर्ष आवासीय कैम्प में डिजिटल कक्षाएं, ऑडियो-विजुअल सामग्री, हैंड्स-ऑन गतिविधियां, मिट्टी कला, पॉटरी, वेस्ट सामग्री से क्रिएटिव निर्माण और रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकों को भी शामिल किया गया है। 10 वर्ष पूर्व प्रायोगिक तौर पर शुरू किये गये इस आवासीय शिविर की सफलता उनकी बढ़ती हुई संख्या से सिद्ध होती है। परिणामों को बेहतर बनाने और शिक्षा की पद्धति इस कार्यक्रम और शिविरों की अद्वितीय खासीयत है। हिन्दुस्तान जिंक सदैव आगे बढ़कर ग्रामीण बच्चों के संपूर्ण विकास के लिये आगे आता रहा है शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् अध्यापन में अभाव महसूस कर रहे बच्चों के लिये 20 वर्षो से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रीष्मकलीन प्रशिक्षण शिविरों में शिक्षण के साथ ही कौशल विकास, व्यवहार तथा अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में व्यक्तिगत और शिक्षात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदुस्तान जिंक एवं वेदांता की हेड सीएसआर अनुपम निधि, विद्या भवन सोसायटी के अध्यक्ष जितेंद्र तालिया, सीईओ राजेंद्र भट्ट, विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र के प्रभारी सुभाष शर्मा, शिक्षा संबंल प्रोजेक्ट लीड रुचिका चावला एवं अपर्णा व्यास, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मटून के प्रधानाचार्य सतीश व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कैम्प में आए कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चों एवं वॉलन्टियर्स ने भी अपने अनुभव साझा किए। जिंक स्मेल्टर देबारी द्वारा शिक्षा संबल समर कैंप का उद्घाटन पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, साकरोदा में आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और स्कूल के प्रधानाचार्यों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और सीखने की क्षमता बढ़ाने, आत्मविश्वास जगाने तथा समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने में समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व सरपंच साकरोदा भगवती लाल खटीक, प्रधानाचार्य जीएसएसएस मटून सतीश व्यास, प्रधानाचार्य जीएसएसएस बालक गुडली सुशील आर्य, प्रधानाचार्य जीएसएसएस बालक, देबारी पवन शर्मा, उप-प्रधानाचार्य पीएमश्री जीएसएसएस साकरोदा वक्तावर सिंह, जिंक स्मेल्टर देबारी से नरेश अग्रवाल, रुचिका चावला, अपर्णा व्यास उपस्थित थे। शिक्षा संबंल कार्यक्रम के तहत हिन्दुस्तान जिंक द्वारा 10वीं कक्षा से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में जहा पद रिक्त है विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी के विषयध्यापकों द्वारा शिक्षा दी जा रही हैं। इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विशेषज्ञ अध्यापकों द्वारा अध्यापन कराया जा रहा है जिससे वे इन विषयों के बारे में सामान्य जानकारी को रूचिकर तरिकों से सीख सकें।



# नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर द्वारा मंगलवार के दिये एक निर्णय में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपी अनिल कुमार मीणा पुत्र परमेश्वर लाल निवासी पोषाणा हाल निवासी भोजगढ़ पुलिस थाना गुढ़ागौड़जी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास और भुगतना होगा। मामले के अनुसार 7 जुलाई 2025 को पीड़िता के पिता ने पुलिस थाने पर एक रिपोर्ट दी कि 7 जुलाई की रात्री को हम सब घर पर सो रहे थे, जब रात्री के एक बजे उसने उठकर देखा तो उसकी नाबालिग पुत्री घर पर नहीं थी। उसने आस-पड़ौस में पुछताछ की व खोजबीन की तो उसका कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट में बताया कि रात्री को घर पर दो मोबाईल फोन आये हुये थे जो उसके पड़ौसी अनिल मीणा निवासी पोषाणा हाल भोजगढ़ के है। अनिल भी रात्री से अपने घर से लापता है। उसे शक है कि उक्त अनिल उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर जबरदस्ती अपने साथ ले गया है। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बाद जांच सम्बन्धित न्यायालय में अनिल के विरूद्ध पोक्सो एक्ट आदि में चालान पेश कर दिया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने इस्तगासा पक्ष की तरफ से कुल 14 गवाहान के बयान करवाये व 31 दस्तावेज प्रदर्शित करते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि पीड़िता को उसका पड़ौसी आरोपी अनिल कुमार मीणा बहला-फुसलाकर अपने साथ सीकर ले गया तथा वहां पर एक किराये के मकान में रखा। आरोपी अनिल कुमार ने उस कमरे में पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया तथा आरोपी अनिल जब भी कमरे से बाहर जाता तो कमरे के बाहर से ताला लगाकर जाता था। अत: आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाये।

विद्वान न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विश्लेषण करते हुये आरोपी को उक्त सजा व जुर्माना के साथ-साथ अन्य धाराओ में भी और सजा व जुर्माना देते हुये सभी सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया। न्यायालय ने आरोपी पर कुल एक लाख 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड भी किया।

# गहरे गड्ढे में गिरी अल्टो कार, दो घायल

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** जाखल-बुगाला बाइपास पर सड़क सुरक्षा को लेकर लंबे समय से उठ रही चिंताओं के बीच सोमवार रात एक और हादसा हो गया। बाइपास के खतरनाक मोड़ के पास एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे कार में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। कार मुकुंदगढ़ की बताई गई। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि बाइपास मार्ग पर एक ओर खड़े बड़े-बड़े कांकड़ तथा सड़क के दूसरे किनारे बने गहरे गड्ढे लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व में तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से हादसों का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों के अनुसार जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वहां मोड़ के पास दृश्यता कम होने के साथ-साथ सड़क के किनारे खड़े कांकड़ वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। इसी कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने पर सीधे गहरे गड्ढे में गिरने की आशंका रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी इसी स्थान पर कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना संभावित इस क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से चेतावनी संकेतक लगाए जाएं। उनका कहना है कि पहले लगाए गए संकेतक काफी दूरी पर हैं, जिससे वाहन चालकों को समय पर खतरे का अंदाजा नहीं लग पाता। साथ ही बाइपास के किनारे खड़े कांकड़ों को हटाएं तथा सड़क के दूसरी तरफ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यदि समय रहते आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। लोगों ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर बाइपास को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# सोशल मीडिया पर गैंगस्टर के फोलोअर्स को किया गिरफ्तार

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** सोशल मिडिया इंस्टाग्राम पर 302 व 47 नाम से ग्रुप बनाकर संचालित कर लॉरेंस विश्नोई, रोहित गोदारा, विरेन्द्र चारण एंव हैरी बॉक्सर को फोलो करने वाले 5 युवकों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीआई शिम्भुदयाल मीणा ने बताया कि लोरेन्स विश्नोई, रोहित गोदारा, विरेन्द्र चारण एंव हैरी बॉक्सर को फोलो करने से सम्बन्धीत चलाये गये अभियान के तहत लाडनूं में कई नव युवकों के द्वारा जो अपने सोशल मिडीया इंस्टाग्राम पर अपनी इंस्टाग्राम आईडी 302 व 47 के नाम से ग्रुप संचालित कर रखे थे, दोनों ग्रुप्स मे करीबन 20-25 नवयुवक ग्रुप बना रखे थे, जो सोशल मीडिया के माध्यम से गैंगस्टरों को फोलोअप करते थे, इन सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी से ग्रुप 302 व 47 की इंस्टाग्राम आईडी को चिन्हित किया जाकर थाना हाजा से अलग अलग टीमों का गठन किया जाकर सोशल मीडिया आईडी के जरिये नव युवक गैंगस्टर को फोलोअप करने एवं बदमाशान का महिमा मंडन करने के मामले में धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया जाकर इंस्टाग्राम आईडी हटवाई गई। इस मामले में पुलिस ने रिहान खान, आरिफ खान, ईदरिश खां, आदिल, साजिद उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। आमजन से पुलिस ने अपील की है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा गैंगस्टर या अपराधी प्रवृति के व्यक्ति का महिमा मंडन नहीं करें, उनकी सोशल मीडिया आईडी या पेज को फोलो नहीं करें, ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है।

# तीन लाख चौबीस हजार रुपए की छात्रवृत्ति का होगा वितरण

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति बीकानेर द्वारा शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-2026 स्वनामधान्य प्रेमरतन सेवग सभागार, शिवशक्ति भवन, बीकानेर में 14 जून को आयोजित किया जायेगा। समिति के चूरू जिला प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस भव्य आयोजन में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के चूरू, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, डीडवाना-कुचामन सिटी जिलों की 31 प्रतिभाओं को तीन लाख चौबीस हजार रुपयों की छात्रवृत्ति राशि सहित स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। जिनमें नीट व जेईई परीक्षा की कोचिंग के लिए छह विद्यार्थियों को 35-35 हजार की छात्रवृत्ति, सीए कोचिंग हेतु दो छात्रों को 21-21 हजार रुपए, यूजीसी नेट में सफलता प्राप्त करने वाली 2 प्रतिभाओं को 10-10 हजार रुपए और वरीयता के आधार पर कक्षा 10 के टॉप 21 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को 2500-2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक महेश भोजक व आर के शर्मा के अनुसार इस वर्ष का यह कार्यक्रम शिक्षाविद स्व. हनुमानदास भोजक बीकानेर तथा स्व. बुद्धमल हंसावत तारानगर को समर्पित होगा तथा सभी स्मृति चिह्न सुजानगढ़ के आदर्श शारीरिक शिक्षक स्व दीनाराम शर्मा की स्मृति में उनके सुपुत्र समाजसेवी गिरधर शर्मा द्वारा दिए जायेंगे।

# सीवरेज चैम्बर्स ओवरफ्लो होने से सड़क पर फैला कीचड़



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय लुहारागाड़ा से कोठारी रोड की ओर जाने वाली बागरेचा रोड पर सीवरेज के चैम्बर्स के लीक होने के कारण सड़कों पर कीचड़ फैल जाना आम बात हो गई है, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड नं 26 की निवर्तमान पार्षद मधु बागरेचा ने बताया कि काफी दिनों से यह समस्या विद्यमान है और अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस नेता विद्याप्रकाश बागरेचा ने बताया कि कई घरों के सामने पानी जमा हो जाने के कारण वृद्ध लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। बच्चों और पैदल राहगीरों को काफी दिक्कतें होती है। बागरेचा ने बताया कि नगरपरिषद के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है, जो काफी चिंता का विषय है। हमारी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द इन चैम्बर्स की समस्या का समाधान करवाया जावे।

# 12 दिवसीय सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण का समापन

श्रवण सारस्वत



**रींगस (नवयत्न)।** निकटवर्ती मऊ ग्राम में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 12 दिवसीय सब्जी की खेती एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामअवतार मिश्रा कृषि विज्ञान केंद्र अरणिया रहे। उनके साथ ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर महेंद्र सैनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। अपने संबोधन में रामअवतार मिश्रा ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीकों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं तथा संतुलित एवं पौष्टिक खान-पान से अपने स्वास्थ्य में भी सुधार ला सकते हैं। वहीं महेंद्र सैनी ने प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मिलने वाले वित्तीय सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ममता वर्मा, मनीषा वर्मा, वर्षा देवी, ललिता देवी, गुड्डू, अमन और अशोक सहित कुल 30 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में सीखी गई तकनीकों को अपनाकर स्वरोजगार एवं आयवृद्धि की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। श्रीमाधोपुर ब्लॉक के मऊ ग्राम में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाये गये 12 दिवसीय सब्जी की खेती और नर्सरी प्रबंधन के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि रामअवतार मिश्रा केवीके अरनिया और साथ में ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर महेंद्र सैनी द्वारा प्रोग्राम आयोजित किया गया। मिश्रा ने प्राकृतिक खेती की महत्वपूर्ण बातें बताई, जिसमें सब्जी के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य संबंधी टिप्स भी शामिल हैं, हम अपना खान पान सुधार सकते हैं और सैनी ने बैंकिंग योजना की जानकारी के साथ बैंकिंग लोन सुविधा में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में बताया। ट्रेनिंग प्रोग्राम में ममता वर्मा, मनीषा वर्मा, वर्षा देवी, ललिता देवी, गुड्डू, अमन और अशोक के साथ कुल 30 महिलाओं ने भाग लिया एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# प्रथम प्रांतीय महिला अधिवेशन का हुआ पोस्टर विमोचन



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** रानी सती मार्ग स्थित गौ संवर्धन संस्थान कार्यालय पर वैष्णव ब्राह्मण (स्वामी) समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंद्र स्वामी ने की। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष अशोक स्वामी सोडाला जयपुर रहे। बैठक में आगामी 7 जून को जयपुर में होने वाले प्रथम महिला अधिवेशन पर चर्चा कर प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया। बैठक में सर्वसहमति से महंत दीपक स्वामी को प्रदेश उपाध्यक्ष, अशोक स्वामी को झुंझुनू जनपद अध्यक्ष एवं संजय स्वामी सुल्ताना व सीताराम स्वामी झुंझुनू को जनपद उपाध्यक्ष बनाया गया। सभी समाज बंधुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया बैठक में मुख्य रूप से श्री स्वामी समाज संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष स्वामी, कार्यकारी उपाध्यक्ष संजय स्वामी भुकाना व मनीष स्वामी बगड़, कमल स्वामी भुकाना, सुरेन्द्र निमावत, हरीश स्वामी, दीपक स्वामी बदनगढ़, प्रेम स्वामी, गौ संवर्धन संस्थान संस्थापक प्रवीण स्वामी व अन्य सामाजिक बंधू उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन आध्यात्मिक परिवार बना हजारों के लिए प्रेरणा

## 5 वर्षों से नियमित चल रही ज्ञान व मेडिटेशन क्लास

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** कोरोना महामारी के कठिन दौर में जब लोग भय, तनाव और अनिश्चितता से जूझ रहे थे, तब आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन ने अनेक लोगों के जीवन में नई आशा का संचार किया। इसी दौरान ब्रह्माकुमारीज से जुड़ी जयपुर निवासी बीके रेणु कक्कड़ की मुलाकात ऑनलाइन ज्ञान एवं मेडिटेशन कक्षाएं संचालित करने वाली सुनयना दीदी से हुई, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। रेणु ने बताया कि कोरोना काल में सेंटर पर जाना संभव नहीं था, इसलिए मोबाइल के माध्यम से मन की शांति की तलाश में वे ऑनलाइन क्लास से जुड़ीं। उस समय शुरू हुई यह आध्यात्मिक यात्रा आज एक बड़े परिवार का रूप ले चुकी है। प्रारंभ में करीब 50 लोगों से शुरू हुई यह क्लास पिछले पांच वर्षों से निरंतर चल रही है और इसमें देश-विदेश के लोग नियमित रूप से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन परिवार में ओमान, कनाडा, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा सहित विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य शामिल हैं। यहां 8 वर्ष की बच्ची से लेकर 85 वर्ष तक के वरिष्ठजन, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, गृहिणियां और घरेलू कार्य करने वाली महिलाएं भी समान भाव से आध्यात्मिक ज्ञान और मेडिटेशन का लाभ ले रही हैं। इस क्लास की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां न जाति, न धर्म और न ही पद-प्रतिष्ठा का कोई बंधन है। सभी का एकमात्र उद्देश्य मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना है। मेडिटेशन और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से अनेक लोगों ने तनाव पर विजय पाई, सेवा भावना विकसित की और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि नियमित आध्यात्मिक अध्ययन और मेडिटेशन से ऐसा अनुभव होने लगा है मानो स्वयं परमात्मा जीवन में मार्गदर्शन कर रहे हों। यही कारण है कि इस ऑनलाइन परिवार के सदस्य वर्षों से एक-दूसरे के गुणों से सीखते हुए आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ रहे हैं। इन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था जब वे सार्वजनिक रूप से बोलने में भी संकोच महसूस करती थी लेकिन आज वे स्वयं विभिन्न ऑनलाइन क्लासों और मेडिटेशन सेवाओं के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन दे रही हैं। उन्होंने इस परिवर्तन का श्रेय परमपिता परमात्मा और इस सेवा के निमित्त बनी शिक्षिका सुनयना दीदी को दिया, जिन्होंने उन्हें जीवन जीने की नई कला सिखाई। यह ऑनलाइन आध्यात्मिक परिवार आज इस बात का उदाहरण बन चुका है कि तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर ज्ञान, शांति और मानवता के संदेश को दुनिया के किसी भी कोने तक पहुंचाया जा सकता है।

# ट्रैफिक पुलिस ने शुरू की ऑन-द-स्पॉट ई-चालान भुगतान की सुविधा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ई-चालान के भुगतान में तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे वाहन चालकों को राहत देने के लिए जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। अब वाहन चालक शहर के प्रमुख चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की पीओएस मशीन के माध्यम से मौके पर ही अपने लंबित ई-चालानों का भुगतान कर सकेंगे। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने बताया कि यातायात पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई वाहन स्वामियों और चालकों को मोबाइल फोन पर ई-चालान पोर्टल के माध्यम से पेंडिंग चालानों का क्यूआर कोड जनरेट करने में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था शुरू की गई है। डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि अब शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। वाहन चालक उनके पास उपलब्ध पीओएस मशीन के माध्यम से अपने बकाया चालानों का भुगतान कर सकते हैं। इस सुविधा के तहत डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान स्वीकार किया जाएगा। भुगतान होते ही लंबित चालान का निस्तारण किया जा सकेगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए केवल सरकारी मान्यता प्राप्त आधिकारिक पोर्टलों का ही उपयोग करें। साथ ही सामान्य लंबित ई-चालानों की जानकारी और भुगतान के लिए परिवहन विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्थिति जांची जा सकती है। वहीं जिन चालानों को न्यायालय अथवा वर्चुअल कोर्ट में भेजा जा चुका है, उनका निस्तारण संबंधित वर्चुअल कोर्ट पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि डिजिटल भुगतान या पोर्टल उपयोग के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो वाहन स्वामी अजमेरी गेट स्थित यातायात नियंत्रण कक्ष यादगार भवन की चालान शाखा में संपर्क कर सकते हैं। यहां अधिकारियों द्वारा चालान संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से लंबित ई-चालानों का समय पर भुगतान करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि चालान का समय पर निस्तारण नहीं करने पर भविष्य में कानूनी कार्रवाई, न्यायालयीन प्रक्रिया अथवा वाहन जब्ती जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# कोलीड़ा की बेटी ने आईआईटी जेईई परीक्षा में हासिल की सफलता

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** कोलीड़ा निवासी प्रानिका राज चौधरी ने हाल ही में आईआईटी जेईई परीक्षा 2026 में ओबीसी वर्ग में 1990 रैंक हासिल की है। ऑल ओवर इंडिया रैंक 8492 रही। उसने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है उसके लिए आपको नियमितता के साथ-साथ आत्मविश्वास से पढ़ाई करना जरूरी है। प्रेनिका ने बताया कि परीक्षा कक्ष में सुबह और शाम के समय को 3 घंटे हैं उस समय आपका मस्तिष्क कैसे दबाव झेल सकता है इस पर सफलता निर्भर करती है। उसने बताया कि वह कोचिंग के अलावा 8 घंटे नियमित अध्ययन करती थी। इसके लिए उसने पिछले दो सालों में किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया और ना ही घर के बाहर का खाना जैसे पिज़्ज़ा, बर्गर, चाऊमीन, समोसा चचोरी खाई। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहर सिंह जाखड़ और दादी संतरा देवी को दिया।

पिता राज कमल जाखड़ सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी को धैर्य के साथ पढ़ाई करना जरूरी है जिससे सफलता जरूर मिलती है। इसके साथ ही साथ मोबाइल और सोशल मीडिया से भी दूरी जरूरी है। प्रेनिका राज चौधरी का भाई प्रांजल राज चौधरी पहले से ही आईआईटी कानपुर की मैकेनिक ब्रांच का प्रथम वर्ष पूर्ण कर चुका है। प्रांजल और प्रानिक दोनों जुड़वा है और यह मात्र सहयोग है की दोनों के ही अंक 137 रहे। उनकी माता कल्पना देवी ने बताया कि जुड़वा होने के कारण प्रत्येक कार्य दोनों मिलकर ही करते थे और यह भगवान का करिश्मा ही है कि दोनों के अंक भी बराबर रहे। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने प्रेनिका को बधाई देते हुए इसी तरह सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी।

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के तहसील सचिव महिपाल पूनिया ने बताया कि झुंझुनू शहर में सीवरेज चैंबर पिछले कई महीनों से लिंक हो रहे है अधिकांश लाइनें जाम है और पूरा शहर गंदगी से भरा पड़ा है जबकि मानसून सत्र अभी कुछ ही सप्ताह में आने वाला है। अगर व्यवस्था इसी प्रकार से चलती रही तो मानसून में सीवरेज की गंदगी के चलते पूरा शहर महामारी की चपेट में आ जाएगा। इसी प्रकार सदर थाने के सामने सीवरेज लाइन पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है जबकि चैंबर 6 फीट नीचे है। नगर परिषद आयुक्त को अवगत करवाया गया कि आम जन और यहाँ तक कि जनप्रतिनिधि भी इस समस्या और व्यवस्था से दु:खी है और कार्य कर रही एलएंडटी कंपनी की कार्य शैली में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

# जेईई एडवांस परीक्षा में दो छात्रों ने किया क्वालीफाई




श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** कस्बे की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेईई मेंस सेशन द्वितीय के परिणाम के बाद जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम में फिर से कामयाबी का परचम लहराया। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना ने बताया कि संस्थान के तेरह छात्र-छात्राओं ने जेईई एडवांस परीक्षा में भाग लिया व दो विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। जेईई एडवांस परीक्षा में राहुल कुमावत व करण मीणा ने सफलता प्राप्त कर अपनी कामयाबी का परिचय दिया। जेईई विंग के प्रभारी महेंद्र सामोता ने बताया कि सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया साथ ही संस्थान परिसर में डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य करते हुए खुशी का इजहार किया। सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, सहनिदेशक कविता सक्सेना, कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र कुमार महला, प्रदीप सैनी, रमेश हरितवाल, मुकेश देवंदा, पिंटू कुमावत, मुकेश मील, भाग चन्द कुमावत, अर्जुन राजोरिया, दिनेश सैनी, पंकज बागड़िया, सुशील मीणा सहित सभी स्टाफ साथियों ने बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रेलवे स्टेशन पर स्काउट जल सेवा प्याऊ का शुभारम्भ

श्रवण सारस्वत




**रींगस (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड लोकल एसोसिएशन रींगस द्वारा रेलवे स्टेशन पर स्काउट जल सेवा का शुभारंभ किया गया। संघ के सचिव विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मावकाश के दौरान प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक यात्रियों के लिए ठंडे मीठे जल की व्यवस्था की गई है। स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया ने यात्रियों को जल पिला कर इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया। हर वर्ष ग्रीष्म अवकाश के दौरान स्काउट और गाइड रेलवे स्टेशन रींगस पर जन सहयोग से खाटूश्यामजी यात्रियों के लिए ठंडे मीठे जल के साथ-साथ नींबू पानी, रसना, शर्बत आदि की व्यवस्था करते हैं। संघ के प्रधान स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी, वैद्य शंभुदयाल शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सैनी, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर भागचंद बाजिया, निर्मल मान, सुमन तोबड़िया, डॉ अजय सक्सेना आदि ने स्काउट गाइड को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया, सीएचआई श्याम सुंदर जांगिड़, सीएमआई मोहन सिंह मीणा, भीमराज गुर्जर, विष्णु कुमार जोशी, झाबर निठारवाल, सुभाष देवन्दा, कृष्ण कुमार यादव, कोमल शर्मा, अमित जाटावत, राजेंद्र मौर्य, घासीराम सैनी, दुर्गेश काजल, कौशलेंद्र, रक्षित, कृष्ण गोपाल, आयुष मौर्य आदि उपस्थित थे।

# मंदिर में हुआ देवनारायण भगवान की फड़ का आयोजन

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय हनुमान धौरा स्थित श्री देवनारायण भगवान मंदिर में श्री देवनारायण भगवान फड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान की 36 फीट लंबी फड़ का परंपरागत विधि-विधान से वाचन किया गया। शोदान भोपा, नारायण पुरा, भंवरलाल, भागीरथ भोपा ने फड़ कथा के द्वारा भगवान देवनारायण के जीवन चरित्र, 24 बगड़ावत वीरों की गाथा एवं चमत्कारों का सजीव वर्णन किया गया। रावणहत्थे की मधुर धुन और भोपा की ओजस्वी वाणी से पूरा मंदिर परिसर देवनारायणमय हो गया। आयोजन में गुर्जर समाज के सैंकड़ों लोग एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान भगवान के जयकारे लगाए और पुष्प वर्षा की गई। श्री देवनारायण भगवान मंदिर ट्रस्ट समिति सुजानगढ़ अध्यक्ष नरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि फड़ परंपरा राजस्थान की 700 साल पुरानी मौखिक चित्रकला परंपरा है। श्री देवनारायण भगवान की फड़ को यूनेस्को द्वारा भी विश्व धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह कथा सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि गुर्जर समाज की वीरता, त्याग और धर्म का जीवंत दस्तावेज है।

ट्रस्ट अध्यक्ष ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भक्तजनों, सहयोगकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला : रिमोट एक्सेस से पेपर हल करवाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2017 में ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ कर अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने वाले हाईटेक नकल गिरोह के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित कानाराम निवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर परीक्षा केंद्र पर सांठगांठ कर रिमोट एक्सेस तकनीक के जरिए परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र हल करवाने का आरोप है। इस मामले में अब तक कुल 34 आरोपियों



को गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से एसओजी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2018 में राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2017 कंप्यूटर आधारित प्रणाली से आयोजित की गई थी। परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी एपटेक कंपनी को दी गई थी। 12 मार्च 2018 को एपटेक कंपनी के कर्मचारी रोहन कपूर ने एसओजी थाने में परीक्षा में गड़बड़ी और कंप्यूटर हैकिंग का मामला दर्ज कराया था। जहां एसओजी की जांच में सामने आया कि जयपुर स्थित सरस्वती इन्फोटेक परीक्षा केंद्र के संचालकों और अन्य आरोपितों ने मिलकर संगठित गिरोह बनाया था। गिरोह ने चुनिंदा अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए परीक्षा केंद्र के कंप्यूटर सिस्टम में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अवैध हस्तक्षेप किया। वहीं जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से खुलासा हुआ कि 9 मार्च 2018 को परीक्षा की दूसरी पारी में लाभार्थी अभ्यर्थी हीरालाल को पहले सीट नंबर 53 पर बैठाया गया था। बाद में आरोपित विकास और अमोल महाजन ने उसे उसकी निर्धारित सीट से हटाकर सीट नंबर 66 पर स्थानांतरित कर दिया। जहां सीट नंबर 66 पर मौजूद कंप्यूटर को आरोपित अमोल महाजन ने लॉगऑफ और पुनः लॉग ऑन करने के बाद पेन ड्राइव की सहायता से डार्क कॉमेट नामक रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया। इस सॉफ्टवेयर के जरिए कंप्यूटर का नियंत्रण परीक्षा केंद्र से बाहर बैठे गिरोह के सदस्यों को सौंप दिया गया। जांच में सामने आया कि जयपुर स्थित किंग विंग बिल्डिंग के कमरा नंबर 204 से बैठे आरोपियों ने रिमोट एक्सेस के माध्यम से अभ्यर्थी हीरालाल का पूरा प्रश्न पत्र ऑनलाइन हल किया और उसे अनुचित लाभ पहुंचाया। एसओजी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी कानाराम इस पूरे नेटवर्क का महत्वपूर्ण सदस्य था। उसने परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लाभार्थी अभ्यर्थी को गिरोह से जोड़ने और पूरी प्रक्रिया को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई थी। एसओजी अब आरोपी कानाराम से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों, आर्थिक लेन-देन, परीक्षा में लाभ पाने वाले अन्य अभ्यर्थियों तथा नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। एसओजी अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पेपर लीक एवं ऑनलाइन परीक्षा में धांधली से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

## पेपर लीक माफियाओं पर एसओजी का शिकंजा

### पन्द्रह फरार आरोपियों पर दस-दस हजार का इनाम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 फरार आरोपियों पर दस-दस हजार रुपए का नकद इनाम घोषित किया है। ये सभी आरोपी रीट, शिक्षक भर्ती और पटवारी भर्ती जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक और फर्जीवाड़े के मामलों में वांछित हैं तथा लंबे समय से अपनी पहचान छिपाकर गिरफ्तारी से बच रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि इन सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 419, 420, 467, 468, 471 एवं 120-बी के साथ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही हैए लेकिन फरार रहने के कारण अब प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। एसओजी द्वारा जारी सूची में कई ऐसे आरोपी शामिल हैं जो सरकारी सेवा या शिक्षा क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। इनमें सीकर जिले की अजीतगढ़ पंचायत समिति में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी नागेश कुमार यादव प्रमुख है। इसके अलावा शाहपुरा क्षेत्र में संचालित एमएडी फाउंडेशन कोचिंग सेंटर के संचालक दिनेश किलका भी वांछित आरोपियों में शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार भर्ती परीक्षाओं में संगठित गिरोहों ने अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने, डमी अभ्यर्थी बैठाने और अन्य अवैध तरीकों से चयन कराने का नेटवर्क खड़ा कर रखा था। इन गतिविधियों के कारण लाखों मेहनती अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ और कई परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए। एसओजी ने जिन आरोपियों पर दस-दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया हैए उनमें श्रीमाधोपुर सीकर निवासी नागेश कुमार यादव, सांचौर निवासी संगीता विश्नोई, तारपुरा सीकर निवासी विकास खेदर, निवाड़ी सवाई माधोपुर निवासी रामावतार मीणा, दांतारामगढ़ सीकर निवासी एवं कोचिंग संचालक दिनेश किलका, नागौर निवासी मनीष दाधीच, कोटपूतली निवासी भवानी शर्मा, जयपुर निवासी देवेंद्र कुमार सैनी, जालौर निवासी कमलेश कुमार खिलेरी, बीकानेर निवासी रेवती विश्नोई, सवाई माधोपुर निवासी राजमोहन मीणा, जयपुर निवासी रविंद्र सैनी, चोमू जयपुर निवासी सुभाष मुवाल, जालौर निवासी दिनेश कुमार तथा सांकड़ जालौर निवासी श्रवण कुमार शामिल हैं। एसओजी की जांच में सामने आया है कि अधिकांश आरोपी रीट भर्ती परीक्षा, शिक्षक भर्ती परीक्षा और पटवारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक एवं अन्य अनियमितताओं से जुड़े रहे हैं। कुछ आरोपियों पर प्रश्न पत्र हासिल कर अभ्यर्थियों को बेचनेए जबकि कुछ पर परीक्षा प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप कर अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप हैं। एसओजी की सूची का विश्लेषण करने पर सामने आया है कि सीकर, जालौर, जयपुर और सवाई माधोपुर जिले से सर्वाधिक आरोपी सामने आए हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि इन क्षेत्रों में सक्रिय गिरोहों ने वर्षों तक भर्ती परीक्षाओं को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए का अवैध कारोबार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार फरार आरोपियों के बैंक खातों, संपत्तियों और आर्थिक लेन.देन की भी जांच की जा रही है। एसओजी यह पता लगाने में जुटी है कि पेपर लीक नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल रहे तथा अवैध कमाई को किन माध्यमों से खपाया गया। एसओजी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इन फरार आरोपियों के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो तो वह नजदीकी पुलिस थाना या एसओजी से संपर्क कर जानकारी दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एसओजी लगातार कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।

## निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा रामप्रताप एवं अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 81 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रैफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। शिविर में आने वाले मरीजों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कॉपी साथ लेकर आये। यह शिविर प्रत्येक माह के पहले बुधवार को लगाया जाता है।

## फ्लैट की पार्किंग से बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कालवाड़ थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए फ्लैट की पार्किंग से बाइक चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। आरोपी से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी मोनू कुशवाह 26 निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश हाल करधनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह चोरी की गई गाड़ियों को कहां खपाता था तथा इस नेटवर्क में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस को आरोपी से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद है। कालवाड़ थानाधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि हाथोज क्षेत्र निवासी गोपी राम पुत्र गंगाराम ने 31 मई 2026 को कालवाड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 मई 2026 की शाम करीब 6:30 बजे अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को अपने फ्लैट की पार्किंग में खड़ा किया था। अगले दिन 24 मई को सुबह जब वह वाहन लेने पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगाए जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। इसके बाद विशेष टीम गठित की गई। जहां टीम में हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, हेड कांस्टेबल धुकलराम तथा कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया।

# फैंसी नंबर प्लेट लगाई या बिना रिकॉर्ड पुरानी गाड़ी बेची तो होगी कार्रवाई

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने वाहन संबंधी गतिविधियों पर बड़ी सख्ती शुरू कर दी है। बुलेट और अन्य पावर बाइक्स में पटाखों जैसी आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, फैंसी नंबर प्लेट और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस-2023 की धारा 163 के तहत विशेष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार की ओर से जारी ये आदेश 2 जून से 31 जुलाई 2026 तक पूरे जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में प्रभावी रहेंगे। आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सभी थाना प्रभारियों, एसीपी और डीसीपी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने बताया कि शहर में लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ गैराज संचालक और मैकेनिक बुलेट तथा अन्य पावर बाइक्स में



मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर उन्हें पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने योग्य बना रहे हैं। इससे न केवल आमजन को परेशानी होती है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं और कानून.व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही वाहनों पर परिवहन विभाग के निर्धारित मानकों के विपरीत फैंसी, डिजाइनदार और अमानक नंबर प्लेट लगाने के मामलों में भी वृद्धि देखी गई है। पुलिस का कहना है कि ऐसी नंबर प्लेटों के कारण अपराध में प्रयुक्त वाहनों की पहचान करने में कठिनाई आती है और अपराधियों को लाभ मिलता है। इस आदेश के तहत कोई भी मैकेनिक या गैराज संचालक किसी वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर नहीं लगाएगा। वाहनों पर केवल परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट ही लगाई जा सकेगी। किसी भी वाहन पर नंबर प्लेट लगाने से पहले उसकी मूल आरसी का सत्यापन करना अनिवार्य होगा। फैंसी और डिजाइनदार नंबर प्लेटों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### सेकंड हैंड वाहन कारोबार पर भी शिकंजा

इसके अलावा पुलिस कमिश्नरेट ने चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त और उनके आपराधिक गतिविधियों में उपयोग पर रोक लगाने के लिए सेकंड हैंड वाहन कारोबारियों के लिए भी कड़े नियम लागू किए हैं। पुलिस को मिली सूचनाओं में सामने आया कि कई स्थानों पर पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री बिना पर्याप्त दस्तावेजी प्रक्रिया के की जा रही थी। कई मामलों में वाहन परिवहन विभाग को सूचित किए बिना ही दूसरे व्यक्ति को बेच दिए जाते थे, जिससे अपराध होने पर जांच प्रभावित होती थी और वास्तविक आरोपियों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 50 के तहत निर्धारित प्रक्रिया, वाहन हस्तांतरण के रिकॉर्ड और स्वामित्व परिवर्तन संबंधी दस्तावेजों का समुचित संधारण नहीं किया जा रहा था। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सेकंड हैंड वाहनों के डीलर्स, एजेंटों और कबाड़ियों को प्रत्येक वाहन के विक्रेता और खरीदार का पूरा नाम, पता और पहचान संबंधी दस्तावेजों का रिकॉर्ड रखना होगा। वहीं वाहन खरीद-बिक्री के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित फॉर्म संख्या 29 और 30 भरना अनिवार्य होगा। वाहन के वास्तविक हस्तांतरण की तारीख, समय और लेन.देन का पूरा विवरण रिकॉर्ड में दर्ज करना होगा। परिवहन विभाग की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक होगा। डॉ. राजीव पचार ने कहा कि चोरी की गाड़ियों का इस्तेमाल कई बार लूट, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों में किया जाता है। नए आदेशों का उद्देश्य वाहन चोर गिरोहों, असामाजिक तत्वों और अपराधियों के नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 223 सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रेस, सोशल मीडिया, पुलिस थानों, उपायुक्त कार्यालयों और तहसीलों के नोटिस बोर्डों के माध्यम से किया जाएगा।

## भगवान के संगीतमय संकीर्तन गान में दर्शक झूमे



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मंदिर गोपीनाथका में श्रीमाधोपुर में पुरुषोत्तम मास में भगवान नाम जप ही कल्याण का परम साधन। कलयुग केवल नाम आधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहि पारा अर्थात कलियुग में केवल भगवान नाम से ही भवसागर से जीवधारी पार हो सकता है इसी शास्त्रोंचित भाव को परिपुष्ट करने के उद्देश्य से मंदिर ठिकाना राधागोपीनाथ श्रीमाधोपुर में पुरुषोत्तम मास उत्सव के अंतर्गत मंगला दर्शन से शयन दर्शन तक सतत् रूप से भगवान का संगीतमय संकीर्तन का गान प्रतिदिन किया जा रहा है। प्रेम, धर्म, भक्ति, कर्म और नीति का अनन्यस्वरुप जिनके नाम मात्र स्मरण से जीवधारी के कोटि कोटि जन्मो के सकल पाप भस्मिभूत हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के अठारहवें दिवस को व्यास पीठाचार्य प्रयागदास महाराज ने उस सच्चिदानंद भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य आह्लादमय बाललीलाओं के अमृतर, प्रवाह में भगवान का जातकर्म संस्कार, छह दोषों की प्रतिमूर्ति पूतना का उद्धार, शकटासुर मोक्ष, तृणावर्त का उद्धार, मुख में माता यशोदा को अखिल ब्रह्माण्ड दर्शन, महर्षि गर्ग का भगवान दर्शन के लिए आगमन की पावन लीलाओं का भावमय रस गान किया गया। रात्रि में चल रहे राम चरित्र मानस के अयोध्याकांड में निषाद मिलन, भारद्वाज आश्रम गमन एवं भगवान राम का चित्रकूटवास की राममय लीलाओं का गान भक्तों द्वारा किया गया। महंत मनोहर शरणदास ने बताया कि भगवद् नाम का कलयुग में नामी से ज्यादा महत्व है। कलयुग में भगवान के नाम का संकीर्तन एवं जाप का अत्यंत महत्व वेदों, पुराणों एवं उपनिषदों में बताया गया है। श्रीमद् भागवत गीता में भगवान ने नाम जप को ही कलयुग का धर्म एवं यज्ञ बताया है यदि भगवद् नाम का जाप एवं संकीर्तन पुरुषोत्तम मास में किया जाए तो इसका महत्व और अधिक हो जाता है।

## सप्लाई में गंदा कीचड़ आने से लोगों में आक्रोश

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** जलदाय विभाग की लापरवाही की नतीजा आम जनता को उस वक्त भुगतना पड़ गया, जब ब्लड बैंक, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के आसपास पास रहने वाले लोगों के घरों में कीचड़ का गंदा पानी सप्लाई में आ गया। निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया ने बताया कि 15 दिनों के लंबे इंतजार के बाद नलों में पानी आया, तो वह पानी नहीं बल्कि बीमारी बांटता हुआ कीचड़ जैसा काला पानी आया। घासोलिया ने बताया कि अधिकारियों को पहले से पता था कि पाइपलाइन में गंदगी गई हुई है और सप्लाई देने से पहले लाइन की सफाई करनी थी लेकिन बिना लाइन को वॉश आउट किए सीधे सप्लाई खोल दी गई। जिसके कारण लोगों के घरों में कीचड़ समान गंदा पानी पहुंच गया। खासकर उन लोगों को भयंकर दिक्कत हुई, जिनके पानी स्टोरेज या



कुंड में दूषित जल चला गया। लोगों ने मामले की जानकारी जलदाय विभाग को दी, तो जलदाय विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को आश्वस्त किया कि जो भी नुकसान हुआ है, उन लोगों की कुंड साफ करवाई जायेगी और फिर से उनमें शुद्ध पानी भर दिया जायेगा। दूसरी ओर इस दूषित पानी सप्लाई के वीडियो वायरल हो गए। इस दौरान संतोष शर्मा, अरविंद, बद्री प्रसाद चारण, गोपाल शर्मा, श्यामलाल दर्जी आदि मौजूद रहे।

# नकली खाद का बड़ा खेल उजागर : संदिग्ध उर्वरक और 750 कट्टे औद्योगिक नमक बरामद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र के सीकर रोड स्थित रामलियावाला इलाके में कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए कथित नकली खाद निर्माण और अवैध भंडारण के एक संदिग्ध मामले का खुलासा किया है। विभागीय टीम ने एक गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में संदिग्ध उर्वरक, औद्योगिक नमक, दानेदार कच्चा पदार्थ, साबुन कण तथा अन्य सामग्री बरामद की है। मामले में गोदाम को सीज कर संचालकों के खिलाफ हरमाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। कृषि अधिकारी सावरमल यादव की ओर से दर्ज रिपोर्ट के अनुसार विभाग को लंबे समय से संदिग्ध तरीके से खाद तैयार करने और भंडारण की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर 29 मई को रामलियावाला क्षेत्र स्थित एक गोदाम पर सर्च अभियान चलाया गया। मौके पर पहुंचने पर



अधिकारियों ने पाया कि गोदाम के बाहर या अंदर किसी भी फर्म, कंपनी अथवा लाइसेंसधारी प्रतिष्ठान का बोर्ड नहीं लगा हुआ था। जांच के दौरान गोदाम से तीन कट्टे संदिग्ध डीएपी, एक कट्टा संदिग्ध एमओपी, 750 कट्टे औद्योगिक नमक, 867 कट्टे काले-भूरे रंग का दानेदार कच्चा पदार्थ तथा 56 कट्टे साबुन कण बरामद किए गए। इसके अलावा पोटाश के 25 खाली कट्टे, रंग मिला हुआ नमक और रंगाई-पैकिंग में प्रयुक्त सामग्री भी मिली। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि इन सामग्रियों का उपयोग खाद जैसे उत्पाद तैयार कर बाजार में खपाने के लिए किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान मौजूद नरेंद्र मीणा ने स्वयं को गोदाम का मुनीम बताया और मालिक के रूप में निखिल शर्मा का नाम बताया। अधिकारियों ने जब लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और कारोबार से संबंधित दस्तावेज मांगे तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। निखिल शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। जांच में यह भी सामने आया कि गोदाम में उपलब्ध दस्तावेजों में गोबर खाद के भंडारण का उल्लेख था जबकि मौके पर मिली सामग्री दस्तावेजों से मेल नहीं खा रही थी। दस्तावेजों और वास्तविक भंडारण में अंतर मिलने पर कृषि विभाग ने संदिग्ध डीएपी और एमओपी के नमूने जांच के लिए भिजवा दिए। कृषि विभाग ने पूरे गोदाम को सीज कर दिया है। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और कृषि विभाग अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह कथित कारोबार कब से संचालित हो रहा था, सामग्री कहा सप्लाई की जा रही थी और इस नेटवर्क से कितने लोग जुड़े हुए हैं। विभागीय अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जिलेभर में संदिग्ध उर्वरक कारोबार और अवैध भंडारण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि किसानों तक पहुंचने वाले घटिया और संदिग्ध उत्पादों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# केसीसी प्रोजेक्ट के 29 अधिकारी पदोन्नत, बोहरा बने कार्यपालक निदेशक

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** एचसीएल की केसीसी इकाई में मंगलवार को पदोन्नति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 29 अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया। इस दौरान केसीसी इकाई प्रमुख एवं महाप्रबंधक पुरुषोत्तम दास बोहरा को कार्यपालक निदेशक पद पर पदोन्नत हुए। केसीसी प्रशासन भवन के सभागार में आयोजित समारोह में पदोन्नत अधिकारियों का सम्मान किया गया। महाप्रबंधक प्रशासन-मानव संसाधन एस शिवदर्शी तथा उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन विपिन शर्मा ने बताया कि पीडी



बोहरा को केसीसी इकाई प्रमुख एवं महाप्रबंधक पद से कार्यपालक निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा अजय कुमार शर्मा को महाप्रबंधक खान, डॉ गोपाल राठी को उपमहाप्रबंधक अन्वेषण, मोहम्मद उस्मान को उपमहाप्रबंधक धातुकी, जगदीश सिंह सोढ़ा को सहायक महाप्रबंधक खान, देवेंद्र वर्मा को सहायक महाप्रबंधक धातुकी, एसएम जोशी एवं अभिषेक पारीक को सहायक महाप्रबंधक औद्योगिक इंजीनियरिंग तथा राजा आशीष को सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार राकेश सिंह को मुख्य प्रबंधक, जगमोहन, सौरभश्री नायक एवं रंजन प्रधान को वरिष्ठ प्रबंधक तथा पीएल दास, एसके दास, सैयद जलाल अली और अंबेश गोविंद को प्रबंधक पद पर पदोन्नति मिली। इसके अलावा 11 अधिकारियों को उपप्रबंधक पद पर पदोन्नत किया गया। समारोह में नव नियुक्त कार्यपालक निदेशक पीडी बोहरा ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पदोन्नति जिम्मेदारियों के साथ संगठन के विकास में अधिक योगदान देने का अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य कर केसीसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि पीडी बोहरा ने 13 मई को ही केसीसी इकाई प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया था। उनके कार्यपालक निदेशक बनने पर महाप्रबंधक प्रशासन-मानव संसाधन एस. शिवदर्शी, एस गुहा, विपिन शर्मा, मयूख चटर्जी, भूपेश बंबोरिया, अश्विनी गुरावड़िया, मुन्नालाल जैदिया, हसरत हुसैन, जगदीश जोशी, अमर सिंह भालोठिया, मनोज लमोरिया, बाबूलाल सैनी, राजू सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# खेत बचाओ अभियान



यह अच्छा है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति में कठिनाई और उनके मूल्यों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र सरकार ने खेत बचाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान को शुरू करने के पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह देश भर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आइसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों और किसान संगठनों से गहन संवाद किया, उससे यह पता चलता है कि वे इस अभियान को वास्तव में सफल होते हुए देखना चाहते हैं। ऐसे किसी अभियान की सफलता जन भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। नि:संदेह इस अभियान में केंद्र सरकार को राज्यों का सक्रिय सहयोग चाहिए होगा। इसी तरह यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि आम किसान यह समझें कि रासायनिक उर्वरकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग केवल खेती की लागत ही नहीं बढ़ाता, बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वर क्षमता को भी कम करता है। इसके अतिरिक्त भूजल भी दूषित होता है। एक ऐसे समय जब जलवायु बदल रही है, तब उर्वरकों का अंसतुलित उपयोग खेती के सामने गंभीर चुनौती बन रहा है।

समस्या यह है कि औसत किसान यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल अंततः उनके लिए घाटे का सौदा ही सिद्ध होता है, क्योंकि प्रारंभ में तो फसल अच्छी होती है, लेकिन समय के साथ खेतों की मिट्टी दूषित हो जाने के कारण उपज प्रभावित होती है।

वैसे तो प्रधानमंत्री ऐसी अपील करते रहे हैं कि किसान रासायनिक उर्वरकों का सही उपयोग करने के लिए खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराएं और जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा दें, लेकिन इसके बाद भी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाए और रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग जारी है। इसका एक कारण उर्वरकों पर दी जाने वाली सब्सिडी भी है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 1.7 लाख करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी पर खर्च किए।

इस वर्ष यह खर्च कहीं अधिक बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि अधिकतर उर्वरकों का आयात किया जाता है और अमेरिका-ईरान तनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की मानें तो जहां दो बोरी उर्वरक के उपयोग की आवश्यकता होती है, वहां किसान चार बोरी का उपयोग करते हैं। वास्तव में जब भी कोई वस्तु सब्सिडी के चलते कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती है तो उसका अनावश्यक उपयोग बढ़ जाता है।

तथ्य यह भी है कि किसानों को सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरक की कालाबाजारी भी होती है, क्योंकि उसका इस्तेमाल औद्योगिक रसायन के रूप में भी होता है।

## विशेष आलेख

# चीन की दूरदृष्टि से सबक लेने की जरूरत



दुनिया में तेज बदलावों व हालिया युद्धों से उपजे ऊर्जा संकट और चीन-पाक के गठजोड़ जैसी चुनौतियों से पार पाने को देश को सूझवान नेतृत्व और कूटनीति की जरूरत है। दूरदर्शी योजनाओं से चीन ने ऊर्जा, रेयर अर्थ, इवी और बैटरी क्षेत्रों में जबरदस्त क्षमता हासिल की। वहीं भारत ऊर्जा के लिए आयातों पर निर्भर है।

ब्लूमबर्ग न्यूज़ की 28 जनवरी, 2026 की खबर के अनुसार, चीन ने पिछले साल सभी तकनीकी क्षेत्रों में 543 गीगावाट जितनी नई बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारत में 2024 के आखिर तक के पैदा हुए कुल बिजली उत्पादन से 12 प्रतिशत ज़्यादा है। चीन की इस बढ़ोतरी में 80 फीसदी से ज़्यादा हिस्सा अक्षय ऊर्जा का था, जिसमें सोलर व पवन ऊर्जा शामिल हैं। वहीं यूएस एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार है (लगभग 1.4 अरब बैरल)। दिलचस्प कि उसने 2025 में अपने तेल भंडारण में काफ़ी वृद्धि की, और रूस, ईरान और वेनेज़ुएला से रियायती दरों पर करोड़ों बैरल तेल खरीदा। जबकि भारत के पास सिर्फ़ 21 मिलियन बैरल का तेल भंडार था।

पिछले कुछ दशकों में, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उत्पादन, लिथियम-आयन बैट्री उत्पादन और क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी ज़बरदस्त रणनीतिक बढ़त बनाई है। चीनी लोग इस समूची मूल्य संवर्धन शृंखला में अब दुनियाभर में अग्रणी हैं। ऐसा कर उन्होंने न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की और प्रदूषण घटाया बल्कि जीवाश्म ईंधन से दूर हटती दुनिया के दौर में अपनी बहुत मज़बूत स्थिति भी बना ली। रेयर अर्थ मिनरल, ईवी निर्माण, बैट्री उत्पादन व स्वच्छ ऊर्जा की यह तिकड़ी, किसी अर्थव्यवस्था की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करने का 'सबसे अहम माध्यम' है। यह सब सावधानी से की गई योजनाबंदी से हासिल हो पाया, जिसे पंचवर्षीय योजनाओं में विशेष स्थान दिया गया (अभी वहां 15वीं योजना चल रही है)। ये योजनाएं चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति और राज्य परिषद (चीनी कैबिनेट) मिलकर बनाती हैं। यह रणनीतिक बढ़त ही तय करेगी कि देश आगामी ऊर्जा संकट से कैसे निबटेगा। यह ऊंची और नीची महंगाई दर वाले देशों के बीच का फ़र्क बनाता है, और यह तय करने में एक अहम भूमिका निभाएगा कि एआई के युग में डेटा सेंटर कहां स्थापित होंगे, क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, भंडारण, रेयर अर्थ मिनरल और डेटा सेंटरों के बीच एक रणनीतिक सांझ है। बीते साल चीन ने अपने रणनीतिक अस्त्र का इस्तेमाल किया व रेयर अर्थ के निर्यात पर रोक लगाकर भारत का ईवी उत्पादन करीब ठप कर दिया था (इस क्षेत्र में उसका लगभग एकाधिकार है)।

देश -अपनी सरकारों के ज़रिए- भविष्य के लिए योजना बनाते हैं। ऐसी योजना में विगत के और मौजूदा अनुभवों का गहराई से विश्लेषण करना शामिल होता है, साथ ही भविष्य के संभावित बदलावों के बारे में भी अनुमान भी लगाए जाते हैं। उपरोक्त अवयवों के आधार पर, सरकार भविष्य से निबटने को नीतियां बनाती है। जब हम खुद को और अपनी मौजूदा स्थिति को, खासकर ऊर्जा की स्थिति और उसके नतीजों के मामले में, देखते हैं, तो लगता है कि हमने पिछले कुछ दशक में जरूरी तैयारी नहीं की। चूंकि भारत का अपना तेल का उत्पादन बहुत कम है, इसलिए यह यकीनी बनाना केंद्र की ज़िम्मेदारी है कि आपात स्थिति में संसाधन उपलब्ध रहें, पर्याप्त भंडार बनाए, और इससे भी ज़्यादा ज़रूरी यह कि बड़े पैमाने पर हरित ऊर्जा अपनाएं, ताकि हम आयातित कच्चे तेल पर बिल्कुल निर्भर न रहें। जहां यह बात तसल्ली देने वाली है कि हमारी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का आधा हिस्सा अब नवीकरणीय स्रोतों से आता है, लेकिन कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन का हिस्सा अभी भी सबसे अधिक (लगभग 42 प्रतिशत) है। अहम बात यह है कि यह अभी भी कुल बिजली खपत का 70 प्रतिशत हिस्सा मुहैया करवाता है, जबकि भारत ने अभी तक बिजली के भंडारण की पर्याप्त क्षमता विकसित नहीं की। जबकि चीन ने इस मामले में बहुत काम किया है। यह दशक लगातार उथल-पुथल भरा रहा। पहले कोविड महामारी, फिर पूर्वी यूरोप और पश्चिम एशिया युद्ध जो जारी हैं, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उद्भव। भारत औद्योगिक क्रांति करने से चूक गया था, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। देश '80 और '90 के दशक के कंप्यूटर-प्रधान युग के शुरुआती दौर में भी चूक कर गया; '90 के दशक के आर्थिक सुधार तब जाकर लागू किए, जब देश करीब दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गया। शुक्र है, निजी क्षेत्र ने आगे बढ़कर ज़िम्मेदारी संभाली, साथ ही तकनीकी विशेषज्ञों की बड़ी फौज ने भी स्थिति से उबारने में मदद की। हालांकि भारत अभी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी नहीं बन पाया, आईटी क्षेत्र में उसकी जगह अधिकांशतः सेवा आधारित क्षेत्र में ही है। हालांकि देर से हुई शुरुआत के मद्देनज़र, काबिल-ए-तारीफ है कि हम इतनी प्रगति कर पाए। एआई से आ रहे बड़े बदलावों की बात करें तो, हमने एक बार फिर मौका गंवा डाला है और अब हम उसे तेज़ी से दूर जाते हुए देख सकते हैं। सेमीकंडक्टर उत्पादन में हमारी कोई जगह नहीं, और हमारा इलेक्ट्रॉनिक उद्योग आपूर्ति के लिए एशियाई दिग्गजों- ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन पर निर्भर बना हुआ है। जिन डेटा सेंटर्स की स्थापना की योजना बनाई जा रही, वे भी दूसरों पर निर्भर रहेंगे। अमेरिका और चीन ने एआई और उससे जुड़े बुनियादी ढांचा निर्माण में बहुत बड़ी छलांग लगाई। इस आधारभूत ढांचे में बेहतरीन चिप बनाना, सस्ती बिजली और सरकार का योगदान बतौर सुधारक और मददगार होना शामिल है। एनवीडिया सरीखी कंपनियां अब खरबों डॉलर मूल्य की बन चुकी हैं और एआई तकनीक का प्रवाह नियंत्रित करती हैं। किसे ये चिप्स मिल सकती हैं और किसे नहीं, अमेरिका ही तय करता है। एएसएमएल जैसी डच कंपनियां -जो बेहतरीन क्वालिटी के माइक्रोचिप्स उत्पादन के लिए मशीनें बनाती हैं और इस क्षेत्र में उनका करीब एकाधिकार है- सिर्फ़ उनको ही बेच सकती हैं, जिसकी इज़ाजत अमेरिका देता है। इन सब के बीच हम कहां खड़े हैं? क्या हम एक बार फिर से केवल सेवा और रखरखाव प्रदाता बनने की उम्मीद पाले हैं? जिस स्तर का ऑटोमेशन व रोबोटिक्स सामने आ रहा है, उसे देखकर लगता है, हमारी यह भूमिका भी बहुत छोटी होकर रह जाएगी।

एआई के इस दौर में, अपनी बादशाहत कायम करने की होड़ में जब अलग-अलग देशों के रणनीतिक हित आपस में टकरा रहे हैं, तो ऐसे में एक समझदार और दूरदर्शी नेतृत्व की ज़रूरत है। एआई आधारभूत तंत्र विकास और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक साझेदारियां बनाने में विदेश नीति और कूटनीति की अहम भूमिका होगी। आज की तारीख में, यहां तक कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों और ग्रिड स्टोरेज के हेतु बैट्री बनाने की हमारी क्षमता चीन से आयातित 'दुर्लभ खनिजों' पर निर्भर है (इस क्षेत्र में भी चीन का लगभग एकाधिकार)। रणनीतिक गठबंधनों की ज़रूरत हमें गैस की कमी, और पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध के कारण 'स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़' के बंद हो जाने से पैदा हुई उर्वरकों और कच्चे तेल की संभावित कमी व आपूर्ति शृंखला में रुकावटों के रूप में साफ़ दिखती है। हमें मजबूरन हाथ-पैर मारने पड़ रहे, दूसरों से मदद मांगनी पड़ी। रूस संग हमारा भी समझौता था, चीन की तरह, लेकिन रूस पर प्रतिबंधों का सर्वाधिक नुकसान हमें उठाना पड़ा।

इसी तरह, अब हमें ईरान से भी तेल नहीं मिल पा रहा है। हमारी भंडारण क्षमता भी सीमित है, और हमने हाल ही में यूएई के साथ मिलकर बड़े-बड़े तेल भंडार बनाने का समझौता किया है... लेकिन इसको फलीभूत होने में अभी काफ़ी समय लगेगा। अमेरिका-ईरान युद्धबंदी वार्ता नाकाम होना हमारे लिए और भी ज़्यादा नुकसानदेह साबित होगा और इससे अफ़रा-तफ़री मच सकती है - ऐसी स्थिति से हम अब तक किसी तरह बचे हुए थे।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर गुलाब जल कैसे लगाएं? ये तरीके जिनसे बेदाग बनेगी त्वचा

गुलाब जल त्वचा और बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। यहीं वजह है कि अधिकतर कॉस्मेटिक्स कंपनियां हेयर और स्किन केयर प्रोडक्ट्स में गुलाब जल का उपयोग जरूर करते हैं। वहीं, लोग भी तरह-तरह के फेस पैक्स में गुलाब जल का उपयोग करते हैं। चंदन पाउडर, मुल्तानी मिट्टी या फिर गुलाब के पाउडर में अकसर लोग गुलाब जल डालकर उपयोग में लाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं गुलाब जल को फेस पैक में मिलाने के साथ ही कई अन्य तरीकों से भी इस्तेमाल में लाया जाता है। जी हां, आप गुलाब जल को क्लींजर या मेकअप रिमूवर के रूप में भी उपयोग में ला सकते हैं।



### क्लींजर

गुलाब जल का उपयोग क्लींजर के रूप में किया जा सकता है। कुछ लोग अपने चेहरे को क्लीन करने के लिए गुलाब जल का उपयोग पहले से ही करते भी है। इसके लिए आप एक कॉटल बॉल लें। इस पर गुलाब जल डालें और फिर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे पर जमा सारी गंदगी, धूल-मिट्टी और डर्ट रिमूव हो जाता है। चेहरे की स्किन की गहराई से सफाई होती है। इसलिए अगर आपको कैमिकल युक्त फेशवॉश या साबुन सूट नहीं करता है, तो नैचुरल रोज वॉटर से चेहरे की क्लींजिंग कर सकते हैं।

### टोनर

चेहरे की टोनिंग करना भी बहुत जरूरी होता है। अधिकतर लोग चेहरे की टोनिंग करने के लिए तरह-तरह के टोनर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आपके पास गुलाब जल रखा हुआ है, तो आप इसे ही टोनर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डालें। चेहरे को क्लीन करने के बाद आप गुलाब जल को अपने चेहरे पर स्प्रे कर सकते हैं। इससे स्किन टोन होगी और मेकअप के लिए भी तैयार होगी। गुलाब जल से टोनिंग करने से स्किन हाइड्रेट होती है, त्वचा में नई चमक भी आती है।

### मॉइश्चराइजर

वैसे तो अधिकतर लोग अपने चेहरे के अनुसार मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आपकी स्किन काफी सेंसिटिव है, आप सही मॉइश्चराइजर का चुनाव नहीं कर पा रहे हैं। तो इस स्थिति में आप गुलाब जल से अपने चेहरे को मॉइश्चराइज कर सकते हैं। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट रहेगा और स्किन में नमी बनी रहेगी। आप चाहें तो अपने मॉइश्चराइजर में गुलाब जल की 2-4 बूंद मिलाकर भी लगा सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान इन संकेतों को भूलकर भी न करें नजरअंदाज, हो सकती है दिक्कत

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलावों से गुजरना पड़ता है। प्रेग्नेंसी में उल्टी-मितली, थकान, दर्द और कमजोरी जैसी समस्याएं होना बेहद सामान्य है। लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान कुछ ऐसे लक्षण भी होते हैं, जिन्हें भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये आपकी सेहत के साथ-साथ शिशु को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। एक गर्भवती महिला के लिए प्रेग्नेंसी के सामान्य और गंभीर लक्षणों के बीच के अंतर को समझना बेहद जरूरी है। अगर आपको प्रेग्नेंसी के दौरान ऐसे असामान्य लक्षण महसूस हों, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**पेट में दर्द :** प्रेग्नेंसी के दौरान कभी-कभी पेट के बीच में या ऊपरी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है। कई बार एसिडिटी, अपच या फिर कुछ गलत खा लेने की वजह से पेट में तेज दर्द होने लगता है। लेकिन प्रेग्नेंसी में पेट दर्द होने पर आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। प्रेग्नेंसी में पेट दर्द होना मिसकैरेज, समय से पूर्व प्रसव या किसी और गंभीर स्थिति का संकेत भी हो सकता है। इसलिए, इसे भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



**लगातार सिरदर्द होना :** प्रेग्नेंसी के दौरान सिर में दर्द होना एक आम बात है। लेकिन अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा हो, जो दवाई लेने से भी ठीक नहीं हो रहा हो, तो इस संकेत को नजरअंदाज न करें। यह किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है, इसलिए ऐसी स्थिति में आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**चेहरे पर सूजन :** प्रेग्नेंसी के दौरान हाथ-पैर में सूजन आना सामान्य है। लेकिन, अगर आपको चेहरे पर भी सूजन नजर आ रही है, तो इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज न करें। अगर चेहरे पर सूजन के साथ ही बुखार, सिरदर्द, चक्कर व पेट में गैस जैसी समस्याएं हों, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। ये प्रीक्लैम्प्सिया यानि प्रेग्नेंसी में ब्लड प्रेशर बढ़ने के लक्षण हो सकते हैं।

**धुंधला दिखाई देना :** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर आपको देखने में परेशानी हो रही हो या धुंधला दिखाई दे रहा हो, तो इस संकेत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये प्रीक्लैम्प्सिया या प्रेग्नेंसी में डायबीटीज के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर आपको डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

**बहुत ज्यादा उल्टी होना :** प्रेग्नेंसी के दौरान मॉर्निंग सिकनेस या उल्टी होना एक आम बात है। लेकिन अगर आपको बहुत ज्यादा उल्टी-मिलती की समस्या हो रही हो, तो इसे इग्नोर न करें। यह किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। अगर उल्टी के साथ ही तेज बुखार या चक्कर भी आ रहे हों, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### बच्चे की मूवमेंट फील न होना

आमतौर पर, प्रेग्नेंसी के 20वें सप्ताह से महिलाऐं बच्चे की मूवमेंट फील करने लगती हैं। आमतौर पर 2 घंटे में बच्चे की कम से कम 10 मूवमेंट जरूर होनी चाहिए। लेकिन अगर आपको कभी भी महसूस हो कि बच्चा कम मूवमेंट कर रहा है या आप बच्चे की मूवमेंट को महसूस नहीं कर पा रही हैं, तो इस संकेत को नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति में आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# बेल के पत्तों का रस पीन से सेहत को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

बेलपत्र या बेल के पत्तों का प्रयोग पूजा-पाठ या मांगलिक कार्यक्रमों में किया जाता है। खासतौर पर भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भक्त बेल के पत्ते चढ़ाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बेल के पत्तों का धार्मिक महत्व होने के साथ ही विशेष आयुर्वेदिक महत्व भी है। आयुर्वेद के अनुसार, बेल का पत्ता औषधीय गुणों से भरपूर होता है। बेल के पत्ते में टैनिन, फ्लेवोनॉयड्स और कौमारिन नामक तत्व पाए जाए हैं, जो कई रोगों के इलाज में मदद करते हैं। बेल के पत्तों का रस डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को संतुलित करने में मदद मिल सकती हैं। यह इंसुलिन के उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। इसके लिए बेल के पत्तों को पीसकर रस निकाल लें। एक चम्मच बेल के पत्तों के रस को एक गिलास पानी में मिलाकर पिएं।

**खून की कमी दूर करे :** बेल के पत्तों के रस का सेवन शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए लाभकारी माना जाता है। जिन लोगों को खून की कमी या एनीमिया की शिकायत होती है, उन्हें बेल के पत्तों का रस जरूर पीना चाहिए। इससे शरीर में खून बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके लिए एक चम्मच बेल के पत्तों का रस एक गिलास पानी में डालकर पिएं।



**पाचन तंत्र को स्वस्थ रखे :** बेल के पत्तों का रस पीने से पाचन क्रिया बेहतर रूप से काम करती है। इसके सेवन से पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। यह आंत से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर, पेट को साफ करता है। इसके लिए बेल के पत्तों के रस को नमक और काली मिर्च के साथ मिलाकर पिएं।

**खुजली और पित्त की समस्या को दूर करे :** बेल के पत्तों के रस का सेवन करने से कई तरह के संक्रमणों के इलाज में मदद मिलती है। इसमें एंटी-फंगल, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-वायरल गुण पाए जाते हैं, जो संक्रमणों को ठीक करने में मदद करते हैं। बेलपत्र का रस खुजली, त्वचा के दाग-धब्बों और पित्त की समस्या को भी दूर करने में सहायक है। इसके लिए बेलपत्र के रस में जीरा मिलाकर पिएं।

**सांस से जुड़ी समस्याओं में लाभकारी :** सांस से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बेल के पत्तों का रस बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से अस्थमा की समस्या में भी बहुत फायदा मिलता है। बेल के पत्तों में मौजूद गुण सांस से जुड़े रोगों के जोखिम को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके लिए बेल के पत्तों के रस को शहद के साथ मिलाकर पिएं।

## आज का राशिफल

**मेष**
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष**
संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन**
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कर्क**
निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**सिंह**
भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।

**कन्या**
जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा।

**तुला**
मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक**
रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**धनु**
शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**मकर**
भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

**कुंभ**
पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**मीन**
कार्य पर ध्यान दें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

# राज्यसभा चुनाव 2026 : राजस्थान में भाजपा-कांग्रेस में दावेदारों को लेकर मंथन तेज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्यसभा चुनाव-2026 की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राजस्थान की सियासत में हलचल तेज हो गई है। प्रदेश से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए चुनाव होना है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत और कांग्रेस सांसद नीरज डांगी का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। मौजूदा विधानसभा गणित को देखते हुए दो सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित की गई है, लेकिन दोनों दलों ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।



### विधानसभा का गणित तय करेगा तस्वीर

राजस्थान विधानसभा में भाजपा के 118 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 67 विधायक हैं। इसके अलावा भारतीय आदिवासी पार्टी बीएपी के 4, बहुजन समाज पार्टी के 2, राष्ट्रीय लोक दल का 1 विधायक और 8 निर्दलीय विधायक हैं। इसी अंकगणित के आधार पर भाजपा दो और कांग्रेस एक सीट जीतने की मजबूत स्थिति में है।

### महिला और सामाजिक समीकरणों पर भी नजर

भाजपा सामाजिक संतुलन साधने की रणनीति पर भी काम कर रही है। पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर का नाम संभावित उम्मीदवारों में शामिल है। दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाने वाली अलका गुर्जर पहले भी राज्यसभा की चर्चाओं में रह चुकी हैं। इसके अलावा गुर्जर समाज के प्रभावशाली नेता स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के परिवार को प्रतिनिधित्व देने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला और उनकी बहन सुनीता बैंसला के नाम भी राजनीतिक चर्चाओं में बने हुए हैं। माना जा रहा है कि भाजपा गुर्जर वोट बैंक को साधने के लिहाज से इस विकल्प पर गंभीरता से विचार कर सकती है।

### कांग्रेस में सोशल इंजीनियरिंग की कवायद

कांग्रेस की ओर से भी उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन जारी है। पार्टी नेतृत्व सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर उम्मीदवार तय करना चाहता है। ओबीसी वर्ग में पहले से ही गोविंद सिंह डोटासरा, अशोक गहलोत और सचिन पायलट जैसे बड़े चेहरे मौजूद हैं, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग का प्रतिनिधित्व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस सामान्य वर्ग, अनुसूचित जनजाति या अल्पसंख्यक समुदाय से उम्मीदवार उतारने पर विचार कर रही है।

### नामों पर सस्पेंस बरकरार

राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अभी अपने उम्मीदवारों के नामों को लेकर अंतिम फैसला सार्वजनिक नहीं किया है। आगामी दिनों में दिल्ली और जयपुर में बैठकों का दौर तेज होने की संभावना है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सामाजिक संतुलन, संगठनात्मक योगदान और आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखकर दोनों दल उम्मीदवारों का चयन करेंगे। फिलहाल राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है और सभी की नजरें अब 8 जून से पहले होने वाले अंतिम नामों की घोषणा पर टिकी हैं।

### भाजपा में कई दिग्गजों के नाम चर्चा में

भाजपा के भीतर राज्यसभा के लिए संभावित उम्मीदवारों को लेकर व्यापक मंथन चल रहा है। शुरुआती स्तर पर तीसरी सीट के लिए भी रणनीति पर चर्चा हुई, लेकिन फिलहाल पार्टी दो सीटों पर ही फोकस करती नजर आ रही है। दावेदारों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। संगठन और चुनावी रणनीति में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वहीं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया का नाम भी चर्चाओं में है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता के बाद संगठन में उनका कद बढ़ा है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि यदि उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है तो केंद्र सरकार में जिम्मेदारी मिल सकती है।

### सीपी जोशी सबसे मजबूत दावेदारों में

कांग्रेस खेमे में सबसे चर्चित नाम विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी का है। पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं में शामिल जोशी को वैचारिक रूप से मजबूत चेहरा माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस उन्हें राज्यसभा भेजती है तो पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत प्रतिनिधित्व मिलेगा। साथ ही वागड़-मेवाड़ क्षेत्र में राजनीतिक संदेश जाएगा। इसके अलावा राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज का नाम भी संभावित दावेदारों में शामिल बताया जा रहा है। यदि कांग्रेस अल्पसंख्यक और महिला प्रतिनिधित्व के समीकरण पर दांव खेलती है तो उनकी दावेदारी मजबूत हो सकती है।

## विटामिन ए अभियान का विशेष चरण शुरू



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** नौनिहालों में विटामिन ए की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों एवं दृष्टिदोष की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जिलेभर में विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम का विशेष चरण शुरू हुआ है। यह कार्यक्रम 29 जून तक चलेगा। इस दौरान 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि कार्यक्रम के संचालन के लिए जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पतालों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। अभियान के दौरान व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएगी, जिससे अधिकाधिक बच्चों तक विटामिन ए की खुराक पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम के तहत 9 से 12 माह के बच्चों को आधा चम्मच तथा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक चम्मच विटामिन ए की सिरप पिलाई जा रही है। जिन बच्चों को पूर्व में विटामिन ए की खुराक मिल चुकी है, उन्हें भी निर्धारित 6 माह के अंतराल के अनुसार अगली खुराक दी जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी एवं एएनएम घर घर संपर्क तक पात्र बच्चों की सूची तैयार करेंगी तथा छूटे हुए बच्चों को भी अभियान में शामिल करेंगी। शहरी क्षेत्रों में माइक्रो प्लान के आधार पर विशेष कार्य योजना बनाकर सभी पात्र बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि विटामिन ए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, आंखों की रोशन सुरक्षित रखने तथा समग्र शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभाग ने अभिभावकों से अपील कि है कि वे अपने 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र या स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलाएं।

## जल पूजन कर दिया जल संरक्षण का संदेश



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे में राजगढ़ रोड स्थित आपणी योजना के डेम में जल पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान संभाग प्रभारी राज्यमंत्री रामगोपाल सुथार व अभियान जिला संयोजक भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने जल पूजन किया व सभी को जल सरंक्षण का संकल्प दिलवाया। इसके बाद पौधरोपण कर व पक्षियों के लिए परिण्डे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। राजमंत्री सुथार व भाजपा नेता जांगिड़ ने कहा कि सभी लोग सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान से जुड़कर जल संरक्षण करें। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला, तहसीलदार हनुमान सिंह, जलदाय विभाग अतिरिक्त मुख्य अभियंता रमेश कुमार राठी, अधिशासी अभियंता राजेश जांगिड़, प्रकाश चौधरी, आनंदसिंह, शिक्षाधिकारी बबलेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल, वनपाल सुरेंद्रसिंह, सुनील बागड़ी, विकास अधिकारी छगनलाल छींपा, अधिशाषी अधिकारी अजयप्रताप सिंह, राकेश शर्मा, हरि इंदौरिया, राजेंद्र जोइया, गुलाब सोलंकी, रणजीत तंवर, त्रिलोक रैगर, हीरालाल सैनी, रितु श्योराण सहित अनेक मौजूद रहे।

## चुन्नीलाल डिस्कॉम प्रभारी नियुक्त

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ की पदाधिकारी वर्चुअल बैठक में निर्णय लेकर महासंघ के पदाधिकारियों को संगठन का कार्य बढ़ाने को लेकर निगमों का प्रभारी नियुक्त किया गया। महासंघ प्रदेश संगठन मंत्री व नोखा के विद्युत कर्मचारी नेता चुन्नीलाल राजस्थानी को अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ का डिस्कॉम प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस चयन से भारतीय मजदूर संघ से जुड़े अजमेर डिस्कॉम के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## भाजपा नेता असवाल की गला रेतकर हत्या

### कबाड़ गोदाम में खून से लथपथ मिला शव

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रामवतार असवाल उर्फ पप्पू की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर वारदात को अंजाम दिया। सोमवार देर रात वे मनोहरपुर बस स्टैंड के समीप स्थित अपने कबाड़ गोदाम में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले, जहां से उन्हें निम्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि मनोहरपुर निवासी रामवतार असवाल 52 कबाड़ व्यवसाय से जुड़े हुए थे और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोमवार शाम करीब 7:30 बजे एक व्यक्ति उनके गोदाम पर आया था। आशंका है कि उसी दौरान धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन गोदाम पहुंचे, जहां रामवतार खून से लथपथ पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस का कहना है कि मृतक ने हमलावर से बचाव का प्रयास किया था, जिसके चलते उनकी कलाई पर भी गहरा घाव मिला है। वहीं इधर घटना की सूचना मिलते ही पूरे मनोहरपुर क्षेत्र में शोक और आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन और भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। देर रात करीब 12:30 बजे एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने गोदाम और आसपास के क्षेत्रों को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इधर हत्या से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण मंगलवार सुबह मनोहरपुर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। परिजनों ने चेतावनी दी कि आरोपियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में शाहपुरा विधायक मनीष यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा नेता उपेन यादव, दिगराज सिंह, प्रवीण व्यास, महेंद्र चौधरी और राजेश जांगिड़ सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मनोहरपुर कस्बे और थाने के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीएम संजीव कुमार खेदड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह, डीएसपी रामावतार तथा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर समझाइश का प्रयास किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश का एंगल सामने आया है, हालांकि हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा अभी नहीं हुआ है। पुलिस मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल्स, हालिया गतिविधियों और संभावित विवादों की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पूरे मनोहरपुर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि ग्रामीण और परिजन न्याय की मांग को लेकर आंदोलन पर डटे हुए हैं।

## कथा में उमड़ा श्रद्धा, सेवा और मानवता का महासंगम



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** अपना घर आश्रम नोखा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भक्ति, सेवा और मानवता का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा वाचक पूज्य रामस्नेही माधवदास महाराज ने अपने प्रेरणादायक एवं मधुर प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति, सत्संग, सेवा और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके श्रीमुख से निकली अमृतमयी वाणी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत कर दिया। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान केसूराम तर्ड एवं उनके सुपुत्र हजारीराम तर्ड सपरिवार उपस्थित रहे। उन्होंने कथा श्रवण कर धर्म, संस्कार और मानव सेवा के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, आदर्श जीवन मूल्यों एवं मानव जीवन के आध्यात्मिक महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में लगभग 600 से अधिक श्रद्धालुओं, प्रभुजनों एवं नगरवासियों ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। आश्रम परिसर में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और कथा श्रवण से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कथा उपरांत पूज्य महाराजश्री ने अपना घर आश्रम नोखा की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम में संचालित भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सेवा, आवासीय सुविधाओं तथा प्रभुजनों की देखभाल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। आश्रम में निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंद प्रभुजनों के लिए की जा रही निस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल सामाजिक सेवा नहीं बल्कि साक्षात ईश्वर की सेवा है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और असहाय जनों की सहायता करना ईश्वर की सच्ची आराधना है। अपना घर आश्रम नोखा द्वारा किए जा रहे सेवा, संस्कार और समर्पण के कार्यों की सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कथा महोत्सव के माध्यम से आश्रम में निवासरत प्रभुजनों को आध्यात्मिक आनंद, आत्मीयता और सामाजिक अपनत्व का अनुभव प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में आश्रम सचिव सतीश झंवर ने मुख्य यजमान परिवार, संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं, भामाशाहों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सेवा, संस्कार, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से आगामी कथा दिवसों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। भक्ति मन को पवित्र बनाती है, सेवा जीवन को सार्थक बनाती है और मानवता ईश्वर तक पहुँचने का सबसे सरल मार्ग है। अपना घर आश्रम नोखा जहाँ सेवा ही साधना है और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म।

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल बचाने का दिया संदेश

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत पड़िहारा मंडल प्रभारी मदन दाधीच के नेतृत्व में राजकीय चिकित्सालय के सामने जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों एवं आमजन को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए कैरी पन्ना का शरबत वितरित किया गया तथा जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के आह्वान पर उपस्थित लोगों को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक जल संचय करने की शपथ दिलाई गई।

सभी ने अपने घरों, खेतों एवं संस्थानों में वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पड़िहारा मंडल प्रभारी मदन दाधीच ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सभी ने तालाबों, बावड़ियों, पशुओं के पेयजल कुंडों, खेलों एवं पानी की डिग्गियों की साफ-सफाई और संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता शिव भगवान सोनी, गोपाल लुहार, जानकी प्रसाद टेलर, रामअवतार पांडे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के इमरान शेख, असलम नागौरी, चांद रतन, चांद तेली, इंद्राज शर्मा, राजेश, दीपक, जयचंद भार्गव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जल है तो कल है के संदेश के साथ कार्यकर्ताओं ने आमजन से वर्षा की प्रत्येक बूंद को सहेजने और जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने की अपील की।

## राजस्थान पुलिस का मेगा नाकाबंदी अभियान : एक ही दिन में 15 हजार से अधिक चालान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस ने अपराध नियंत्रण, असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने और यातायात नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रदेश में व्यापक नाकाबंदी अभियान चलाया गया। जहां एक ही दिन में 15 हजार से अधिक चालान कर 25.50 लाख की नगदी और अवैध हथियार बरामद किए है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लॉ एंड ऑर्डर वीके सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान राज्य के सभी रेंज और कमिश्नरेट क्षेत्रों में कुल 1 हजार 103 नाकाबंदी पॉइंट स्थापित किए गए। पुलिस टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 39 हजार 984 दुपहिया और 34 हजार 888 चौपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की जबकि 226 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध हथियार-ड्रग्स और भारी नकदी जब्त

यातायात चेकिंग के साथ-साथ पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी गई। जिसके परिणाम स्वरूप 11 वाहन जब्त किए गए तथा 73 प्रकरण दर्ज किए गए। जिनमें आर्म्स एक्ट के 4, आबकारी अधिनियम के 30, एनडीपीएस एक्ट के 2 तथा अन्य विशेष एवं स्थानीय कानूनों के 37 मामले शामिल हैं। इस अभियान के दौरान दर्ज प्रकरणों में 63 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 163 व्यक्तियों को बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। जांच और धरपकड़ के दौरान कई महत्वपूर्ण बरामदगियां भी हुईं। जयपुर रेंज में पांच वाहन और 25.50 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई। भरतपुर रेंज में अवैध रेत परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर तथा बड़ी मात्रा में देशी शराब पकड़ी गई। कोटा रेंज में अवैध शराब, डोडा चूरा, वाहन और स्पीकर एम्प्लीफायर जब्त किए गए।




बीकानेर रेंज में अवैध शराब और वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। एडीजी सिंह ने बताया कि नाकाबंदी अभियान में जयपुर रेंज सबसे आगे रही। जहां 2 हजार 492 चालान बनाए गए। इसके बाद अजमेर रेंज में 2 हजार 229, भरतपुर रेंज में 2 हजार 145, उदयपुर रेंज में 2 हजार 51, कोटा रेंज में 1 हजार 796, बीकानेर रेंज में 1 हजार 572 तथा जोधपुर रेंज में 1 हजार 470 चालान बनाए गए। जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्रों में क्रमशः 990 और 338 चालान किए गए। इसके अलावा वाहन जांच के मामले में भी जयपुर रेंज अग्रणी रही। जहां 13 हजार 589 वाहनों की जांच की गई। उदयपुर रेंज में 12 हजार 234ए अजमेर में 10 हजार 205, भरतपुर में 9 हजार 081 तथा जोधपुर रेंज में 8 हजार 79 वाहनों की जांच की गई।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माना

एडीजी सिंह ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार 83 चालान बनाए गए। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 3 हजार 234, बिना सीट बेल्ट 1 हजार 648, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 184, नंबर प्लेट संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले 1 जार 653, काली फिल्म लगे वाहनों के 1 हजार 643 तथा अन्य श्रेणियों में 6 हजार 433 चालान शामिल हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 385 वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

## नव नियुक्त एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष भाटिया का किया स्वागत



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया को उनके पैतृक गांव महपालवास में ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भाटिया का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कालुराम धानक, बीरबल धानक, निहाल सिंह धानक, जगदीश लोहान, सोमवीर भक्त, कृष्ण धानक, नारायण मेघवाल, कैलाश मेघवाल, जुगलाल मेघवाल, कश्मीर मेघवाल, गंगाधर मेघवाल, राजेश मेघवाल, मालाराम प्रजापत, विक्रम प्रजापत, मनोज जांगिड़, हवासिंह सैन, नरोत्तम लाल, इंद्राज लोहान, उमराव लोहान, राजेन्द्र डूडी, महेन्द्र लोहान, विक्रम लोहान, मनीष लोहान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# अगर आपका बच्चा भी है अंतर्मुखी तो उसकी परवरिश में ध्यान रखें ये बातें



बच्चों के उचित विकास के लिए उनका सही तरीके से देखभाल किया जाना बहुत जरूरी है। अच्छी परवरिश मिलने पर बच्चों का मानसिक और शारीरिक रूप से सही ढंग से विकास हो पाता है। पेरेंट्स भी बच्चों की परवरिश को लेकर कई बार परेशान रहते हैं। हर बच्चे की परवरिश एक जैसे ही हो यह जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे इंट्रोवर्ट होते हैं जिनकी परवरिश में अधिक ध्यान देना चाहिए। इंट्रोवर्ट (अंतर्मुखी) बच्चों की परवरिश सही ढंग से की जाये तो उनमें से यह समस्या खत्म हो सकती है। इंट्रोवर्ट या शर्मीले लोगों के साथ बातचीत करना आसान नहीं होता है। ऐसे लोग अक्सर आसानी से बातचीत करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। कई बार ऐसे लोगों को समझना मुश्किल हो जाता है, तो वहीं इंट्रोवर्ट लोगों के लिए भी अपनी बात दूसरों के सामने रखना आसान नहीं होता है। अंतर्मुखी होना तनावपूर्ण हो सकता है और एक निरंतर आंतरिक संघर्ष के अलावा, आपको दूसरों के सवालों से भी नचाहते हुए भी परेशान करता है।

**एकांत और अकेला समय क्या होता है इसके बारे में जानकारी दें :** हम वयस्क लोगों को अकेले समय और खुद के टाइम के बारे में अच्छे से जानकारी होती है लेकिन बच्चों को यह नहीं पता होता है कि उनके लिए अकेला समय या खुद का समय क्या है। इसलिए कई बार बच्चे खुद को अकेले में रखते हैं। बच्चों को फ्री टाइम, सेल्फ टाइम और लोगों के साथ टाइम बिताने के बारे में शुरुआत से ही जानकारी देनी चाहिए। ऐसा करने से धीरे-धीरे बच्चे लोगों से घुलने मिलने लग जाएंगे।

**बच्चों की भावनाओं पर हावी न हों :** बच्चे बहुत ही भावुक होते हैं कई बार वे छोटी-छोटी बातों पर रोने या हंसने लग जाते हैं। बच्चे बहुत जल्दी खुश और दुखी हो सकते हैं। चाहे वे अंतर्मुखी हों या बहिर्मुखी सभी बच्चों में भावनाएं होती हैं। बच्चों की भावनाओं पर हावी होने से बचना चाहिए। बच्चों की भावनाओं के लिए जगह छोड़ने से धीरे-धीरे वे चीजों के बारे में समझने लगेंगे। आप बिना उनकी भावनाओं को दबाए चीजें सिखा सकते हैं।

**बच्चों को नए लोगों और परिस्थितियों से अवगत कराएं :** जो बच्चे इंट्रोवर्ट होते हैं उसकी सबसे बड़ी वजह उनके आसपास का माहौल भी हो सकता है। कई बार आसपास के माहौल और वातावरण के कारण बच्चों में ये समस्या देखने को मिलती है। आप बच्चों को नए लोगों से मिलाएं और उन्हें दूसरे लोगों के साथ इंटरैक्ट करना भी सिखाएं। ऐसा करने से धीरे-धीरे उनके भीतर की झिझक और अंतर्मुख रहने की भावना खत्म होने लगेगी और बच्चे लोगों के बीच घुल मिल जाएंगे।

**इंट्रोवर्ट बच्चों केसोशलाइज होने पर उनकी सराहना करें :** ऐसे बच्चे जो इंट्रोवर्ट हैं या लोगों से मिलने जुलने में शर्माते हैं उनकी सोशलाइज होने पर प्रशंसा जरूर करें। इंट्रोवर्ट बच्चे की जब आप ऐसे समय पर सराहना करेंगे तो उनके मन में लोगों से मिलने जुलने का विचार पैदा होगा। एउर ऐसा कुछ दिनों तक करते रहने के बाद अपने आप उनके मन से ये भावना दूर हो जाएगी।

**बच्चे से इस स्थिति के बारे में बात करें :** जब आप अपने बच्चों को इस स्थिति के बारे में बताएंगे तो उससे भी उन पर इसका असर होगा। अंतर्मुखी बच्चों की परवरिश में इस बात को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

# सोयाबीन ज्यादा खाने से सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान



सोयाबीन में प्रोटीन और फाइबर भरपूर होता है, इसलिए हम सभी इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करते हैं। अगर सीमित मात्रा में सोयाबीन का सेवन किया जाए, तो यह सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। लेकिन अगर इसका सेवन असीमित मात्रा में किया जाए, तो इससे स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकता है। सोयाबीन में ट्रांस फैट्स भी होता है, ऐसे में इसका अधिक सेवन किया जाता है तो हृदय रोग और मोटापे का कारण भी बन सकता है।

**हृदय रोग :** सोयाबीन स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होता है। लेकिन अगर इसका सेवन काफी अधिक मात्रा में किया जाए, तो यह हृदय रोग का कारण भी बन सकता है। दरअसल, सोयाबीन में ट्रांस फैट होता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देता है। साथ ही हृदय रोगों को भी बढ़ाता है। इसलिए इसका सेवन सीमित ही करना चाहिए।

**मोटापा :** सोयाबीन मोटापे का कारण भी बन सकता है। अगर आप अधिक सोयाबीन खाते हैं और आपको लगातार वजन बढ़ रहा है, तो इसे खाना कम कर दें। सोयाबीन में मौजूद ट्रांस फैट वजन कम करने के जगह बढ़ा देता है। वही अगर इसका सेवन सीमित मात्रा में किया जाए, तो यह वजन को कंट्रोल में रखता है।

**एलर्जी :** कई लोगों को सोयाबीन से एलर्जी भी हो सकती है। इससे त्वचा पर रैशेज, जलन आदि की समस्या हो सकती है। अगर आपको सोयाबीन खाने से स्किन रैशेज होते हैं, तो इसे खाना तुरंत बंद कर दें। अकसर जिन लोगों को गाय के दूध से एलर्जी होती है, उन्हीं लोगों को सोयाबीन से भी एलर्जी होती है।

**स्तनपान के दौरान मितली :** प्रेगनेंसी और स्तनपान के दौरान सोयाबीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। सोयाबीन के सेवन से ऐसी महिलाओं को उल्टी, मितली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वही इसका अधिक सेवन चक्कर आने का कारण भी बन सकता है। इतना ही नहीं अगर स्तनपान कराने वाली मां इसका अधिक सेवन करती हैं, तो इससे शिशु को भी उल्टी हो सकती है।

**डायबिटीज :** डायबिटीज मरीजों के लिए अधिक मात्रा में सोयाबीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। क्योंकि यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने की जगह बढ़ा देता है। ऐसे में अगर आप डायबिटीज पेशेंट हैं, तो सोयाबीन का सेवन बिल्कुल न करें।

**स्पर्म काउंट में कमी :** अधिक मात्रा में सोयाबीन का सेवन पुरुषों में स्पर्म काउंट में कमी कर सकता है। सोयाबीन फीमेल हॉर्मोंस को बढ़ावा देता है। ऐसे में पुरुषों को इसका सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। इसकी अधिकता आपको काफी नुकसान पहुंचा सकता है। स्पर्म काउंट बढ़ाने के लिए घरेलू उपाय कारगर होते हैं।

**माइग्रेन :** सोयाबीन की अधिकता माइग्रेन का भी कारण बन सकता है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही माइग्रेन है, उन्हें इसका सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

# क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज के बेहतरीन फायदे



आज के दौर में लोग सेहत और बॉडी बिल्डिंग को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो गए हैं। फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के लिए लोग घंटों तक जिम में पसीना बहाते हैं। जिम में एक्सरसाइज या वर्कआउट करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। वजन कम करने के इरादे से आने वाले लोगों से लेकर अपने शरीर को मजबूत और दुरुस्त बनाने के लिए लोग सुबह से लेकर शाम-रात तक जिम में लगे रहते हैं। जिम में एक्सरसाइज और वर्कआउट करने के लिए तमाम तरह की मशीनों का सहारा लिया जाता है। मशीन के सहारे वर्कआउट या एक्सरसाइज का अभ्यास आसान और फायदेमंद होता है। जिम में इस्तेमाल होने वाली एक मशीन का नाम है क्रॉस ट्रेनर। जो लोग जिम में रोजाना एक्सरसाइज या वर्कआउट करने जाते हैं उन्हें इसके बारे में जानकारी जरूर होगी। क्रॉस ट्रेनर की सहायता से आप क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं।

**क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास करने के फायदे :** हाथ-पैर और कार्डियो एक्सरसाइज के लिए लोग जिम में क्रॉस ट्रेनर मशीन का सहारा लेते हैं। इसे एलिप्टिकल मशीन भी कहा जाता है। अक्सर यह मशीन आपको जिम के कार्डियो सेक्शन में दिखेगी। इस मशीन में लंबे हैंडल और पैडल होती हैं जिसके सहारे एक्सरसाइज का अभ्यास किया जाता है। क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज एक प्रभावी वर्कआउट है जिसका नियमित रूप से अभ्यास करना बहुत फायदेमंद होता है। पूरी शरीर की अच्छी कसरत के लिए आप क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज के अलग-अलग वेरिएशन को ट्राय कर सकते हैं। आइये जानते हैं इसके अभ्यास से शरीर को मिलने वाले फायदों के बारे में।

**तेजी से वजन घटाने में उपयोगी :** असंतुलित खानपान और जीवनशैली के कारण आज के समय में लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं। ऐसे लोग वजन कम करने के लिए डाइट के साथ-साथ जिम का सहारा लेते हैं। जो लोग तेजी से वजन कम करना चाहते हैं उनके लिए क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद है। इसके नियमित रूप से अभ्यास से आप कम समय में वजन कम कर सकते हैं। क्रॉस ट्रेनर वर्कआउट करते समय अधिक कैलोरी बर्न होती है जिसके कारण आपको वजन कम करने में फायदा मिलता है। हालांकि इस व्यायाम के अलग-अलग वेरिएशन होते हैं और कैलोरी भी उसके आधार पर ही बर्न होती है इसलिए आपको अपने ट्रेनर से जानकारी लेने के बाद इसका अभ्यास करना चाहिए।

**स्टैमिना और कार्डियो क्षमता बढ़ाने के लिए उपयोगी :** क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज के रोजाना अभ्यास करने से आपकी स्टैमिना में सुधार होता है। इस एक्सरसाइज का अभ्यास करते समय आपके हार्ट और फेफड़ो में अधिक ब्लड ऑक्सीजन सप्लाई होती है। इस दौरान आपके फेफड़े और हार्ट तेजी से काम करते हैं। ऐसे में आपकी सांस भी फूल सकती है और हार्ट रेट बढ़ जाता है। रोजाना इसका अभ्यास करने से आपकी सांस लेने की क्षमता बढ़ जाती है और इससे फेफड़ों के साथ-साथ दिल को भी फायदा मिलता है। इस एक्सरसाइज का रोजाना अभ्यास करने से आपके हार्ट और फेफड़े मजबूत होते हैं जिससे आपको कार्डियो करने में आसानी होती है।

**जोड़ों के लिए बहुत उपयोगी व्यायाम :** क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास वजन घटाने के साथ-साथ आपके जोड़ों के लिए बहुत उपयोगी होता है। शरीर के जोड़ों से जुड़ी समस्या में इसका अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का रोजाना अभ्यास करने से आपके शरीर के जोड़ों को सुरक्षा मिलती है। इन वर्कआउट का अभ्यास करने से आपको जोड़ों से जुड़ी समस्या नहीं होती है। घुटने, कोहनी, कूल्हे आदि के लिए रोजाना क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है। यह एक लो इम्पैक्ट एक्सरसाइज है जिसका घुटनों पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता है जिससे घुटनों की सुरक्षा होती है।

**अलग-अलग तरह के वर्कआउट के लिए उपयोगी :** आपकी एक्सरसाइज को प्रभावी बनाने के लिए क्रॉस ट्रेनर मशीन का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल कर आप अपनी एक्सरसाइज की इंटेंसिटी यानी तीव्रता बदल सकते हैं। रोजाना इसके अलग-अलग वेरिएशन के अभ्यास से आपके शरीर की ताकत और फिटनेस में सुधार होता है। शुरुआत में आप लो इंटेंसिटी वाली क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास करें और फिर धीरे-धीरे इसे बढाएं।

**लोवर बॉडी के लिए बहुत फायदेमंद :** इलिप्टिकल वर्कआउट या क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास आपके लोअर बॉडी के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। क्रॉस ट्रेनर मशीन में लगी पेडल आपके पैरों की मांसपेशियों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इसके अलावा इसके अलग-अलग वेरिएशन का अभ्यास आपके ग्लूटल मसल्स, हिप फ्लेक्सर्स, हैमस्ट्रिंग और क्वाड्रिसेप्स के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। पेट, पैर, जांघों और हिप्स आदि पर काम करने के लिए क्रॉस ट्रेनर का अभ्यास फायदेमंद माना जाता है।

**ब्लड प्रेशर कम करने में सहायक :** क्रॉस ट्रेनर मशीन द्वारा एक्सरसाइज का अभ्यास करने से आपके ब्लड प्रेशर को भी संतुलित करने में फायदा मिलता है। शरीर में तनाव कम करने के लिए क्रॉस ट्रेनर एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है। इस एक्सरसाइज को इसलिए फील गुड एक्सरसाइज भी कहा जाता है। हालांकि इसके अलग-अलग तीव्रता वाले वेरिएशन होते हैं इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को डॉक्टर से परामर्श के अनुसार ही इसका अभ्यास करना चाहिए।

# कुकिंग थेरैपी दूर करे टेंशन, होंगे आपको ये फायदे

अगर आप किचन को किचकिच रूम मानते हैं तो जान लीजिए आप गलत हैं क्योंकि रिसर्च कहती है कि कुकिंग एक स्ट्रैस बस्टर होने के साथसाथ क्रिएटिविटी निखारने का बेहतर माध्यम है। कैसे, बता रही हैं एनी अंकिता। महिलाओं के पास टैंशन की कमी नहीं है। औफिस में काम की टैंशन तो घर पहुंचते ही पति और सास की फरमाइशों की डिशेज बनाने की टैंशन। दिनभर की थकान और तनाव के बाद महिला का किचन में जाने का बिलकुल मन नहीं करता। वह किचन को कुकिंगरूम कम, किचकिच रूम ज्यादा समझने लगती है और बेमन से खाना बनाने लगती हैं। लेकिन यह जान कर आप को हैरानी होगी कि किचन में तनाव नहीं होता, वह तो एक स्ट्रैस बस्टर है यानी तनाव को खत्म करता है। वहां आप रिलैक्स फील कर सकती हैं, अपनी सारी थकान व मानसिक तनाव को दूर कर सकती हैं। कुकिंग तनाव से ग्रसित रोगियों को प्रोत्साहित करती है, उन की याददाश्त, ध्यान व फोकस को बढ़ाने में मदद करती है। इस के साथ ही, उन्हें प्लानिंग करना और सोशल स्किल भी सिखाती है। अपने कई रोगियों के लिए कुकिंग को एक थैरेपी के रूप में इस्तेमाल करने वाले चिकित्सक व मानसिक स्वास्थ्य उपचार केंद्र भी साल्टर के विचारों का समर्थन करते हैं। महिलाओं के लिए कुकिंग भी ऐसा ही एक काम है। यह एक थैरेपी है जो शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने में मदद करती है। कुकिंग थैरेपी के बारे में कुकिंग ऐक्सपर्ट मंजु मोंगा कहती हैं कि कुकिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे करने पर हमें खुशी मिलती है। हम नईनई चीजें सीखते हैं, जिस से हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है। हां, यह बात भी सही है कि हमारे मूड का असर हमारे खाने पर भी दिखता है, जैसे जब हम खुश होते हैं तो कुछ मीठा बनाने का मन करता है। किचन की छोटीछोटी गतिविधियां भी हमें खुश रखने में मदद करती हैं।



## क्या है कुकिंग थैरेपी

कुकिंग थैरेपी एक स्ट्रैस बस्टर है जो हमें तनावमुक्त कर हमारी क्रिएटिविटी को निखारती है। यह एक कला है, जिस में हम एक जगह पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। इस से हम मानसिक रूप से प्लानिंग और टाइम मैनेजमैंट के गुण सीखते हैं और शारीरिक रूप से हमारे हाथ, पैर, गरदन व उंगलियों का मूवमैंट होता है। एक जगह पर ध्यान लगाने की वजह से हम अपने अंदर नकारात्मक विचारों को भूल जाते हैं। यह थैरेपी हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है जिस की वजह से हम अच्छा अनुभव करने लगते हैं।



## रिश्तों में मजबूती

रसोई के जरिए रिश्ते मजबूत होते हैं। यहां परिवार के सदस्य मिलबांट कर काम करते हैं, एकदूसरे की मदद करते हैं और गुपचुप बातें शेयर करते हैं।

## सामाजिक मेलजोल

आसपास के लोगों से बातचीत करने की पहल के लिए कुकिंग काफी मददगार है। जब हम किचन और रैसिपीज के बारे में किसी से बात करते हैं तो हमारा सारा टैंशन दूर हो जाता है।



## गुस्से पर नियंत्रण

जब हम गुस्से में होते हैं तब हमें समझ नहीं आता है कि हम क्या कर रहे हैं। गुस्से को नियंत्रित करने के लिए कुकिंग बैस्ट औप्शन है। किचन में ऐसी कई छोटीछोटी चीजें होती हैं जिन से हमारा गुस्सा शांत हो जाता है।

## हैल्दी बौडी

कुकिंग हमें मानसिक व शारीरिक दोनों प्रकार से फिट रखती है, जिस से हम हैल्दी महसूस करते हैं।

## शेयरिंग हैबिट

हम ने कुछ अच्छा बनाया तो हम अपने आसपड़ोस के लोगों को भी उस का स्वाद चखाते हैं, उन से शेयर करते हैं। इस की वजह से हमारे अंदर शेयरिंग हैबिट आ जाती है।

## कुकिंग एक इलाज

कुकिंग बीमारियों का इलाज भी है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन के अनुसार, घर में खाना बनाना उम्र बढ़ाने में मददगार है यानी अगर आप किचन में काम करती हैं तो आप की आयु बढ़ती है। साथ ही कुकिंग तनाव, थकान, अकेलेपन जैसी कई बीमारियों को दूर भी करती है।

## कुकिंग करें, खुश रहें

कुकिंग ऐसी क्रिया है जिस में हम नईनई चीजें सीखते हैं और स्वाद से सब को खुश करते हैं।

# वेट लॉस कर हेल्दी रहना है, तो सूजी को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा, ये है इसके स्वास्थ्य लाभ



भाग- दौड़ भरे जीवन में, प्रतिदिन स्वस्थ भोजन करना एक कठिन कार्य है और इसलिए आपको अपने किचन कैबिनेट में पर्याप्त मात्रा में सूजी की आवश्यकता होती है। पोषण विशेषज्ञ कई अच्छे कारणों से सप्ताह में कम से कम दो बार इसके सेवन की सलाह देते हैं। यह आसानी से हजम होने वाला सुपरफूड है। जिसे आपके आहार का हिस्सा जरूर होना चाहिए।

**इंस्टेंट एनर्जी देती है :** सूजी से बनी कोई भी रेसिपी कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होने के कारण तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है। नाश्ते में सूजी रवा से बने व्यंजनों को शामिल करने से वजन घटाने में सहायता के अलावा पाचन को बढ़ावा मिलता है। यदि आप उन व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्हें नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने की आदत है, तो नाश्ते के लिए उपमा, रवा इडली, डोसा या अन्य सूजी के नाश्ते का सेवन जरूर करना चाहिए।

**दूर करती है आयरन की कमी :** सूजी रवा आयरन का एक बड़ा स्रोत है और इसे आयरन की कमी या एनीमिया से पीड़ित लोगों के डाइट में शामिल करना चाहिए। सूजी से बने खाद्य पदार्थ ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में सहायता करते हैं।

**नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखती :** नर्वस सिस्टम आपके भावनात्मक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ जीवन के लिए इसे अपने आहार का हिस्सा बनाना जरूरी हैं। नर्वस सिस्टम के खराब कामकाज से स्ट्रोक, हैमरेज और अन्य गंभीर संक्रमण हो सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम, जिंक और फॉस्फोरस की उपस्थिति के कारण, सूजी विभिन्न नर्वस विकारों को रोकने में सहायता करती है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद :** सूजी हृदय रोगों और हाइपरलिपिडिमिया से पीड़ित लोगों के लिए सर्वोत्तम है। सूजी में ज़ीरो कोलेस्ट्रॉल होता है जो हाई कोलेस्ट्रॉल से पीड़ित रोगियों के लिए फायदेमंद विकल्प है। यह उनके डाइट प्लान में शामिल करने के लिए एक आदर्श खाद्य पदार्थ है।

**वजन घटाने को बढ़ावा देता है :** सूजी में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा रख सकता हैं। थायमिन, फोलेट और विटामिन बी का एक समृद्ध स्रोत, सूजी उस एक्स्ट्रा भूख को मारती है और वजन कम करने में सहायता करती है।

**स्तनपान को उत्तेजित करता है :** सूजी नई माताओं के लिए जरूरी है क्योंकि यह प्रोलैक्टिन को उत्तेजित करके स्तनपान को बढ़ावा देती है। यह हॉर्मोन दूध की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए माताओं को घी और गुड़ में पकाई गई सूजी खिलाना भारतीय घरों में एक पारंपरिक घरेलू उपाय है।

**मधुमेह रोगियों के लिए श्रेष्ठ आहार :** सूजी का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 66 है। यह मध्यम ग्लाइसेमिक इंडेक्स श्रेणी के अंतर्गत आता है, लेकिन फिर भी मधुमेह रोगियों द्वारा इसका सेवन मध्यम मात्रा में किया जा सकता है। फाइबर, प्रोटीन और ऊर्जा की दैनिक खुराक के लिए सूजी से बने व्यंजनों को हेल्दी सब्जियों के साथ अपनी डाइट में शामिल करें।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :** सूजी सेलेनियम से भरपूर एक एंटीऑक्सीडेंट है जो डीएनए सेल्स के ऑक्सीडेशन को रोक सकता है। इस प्रकार विभिन्न बीमारियों के जोखिम को टाला जा सकता है। यह इम्युनिटी को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है।

**सम्पूर्ण भोजन है सूजी :** सूजी सभी विटामिन और मिनरल्स का एक उत्कृष्ट स्रोत होने के कारण इसे एक पौष्टिक भोजन बनाता है। शून्य कोलेस्ट्रॉल और ट्रांस फैटी एसिड, कम फैट की उपस्थिति और नमक का निम्न स्तर इसे सभी आयु समूहों के लिए एक सुपर फूड बनाता है।

# आज लगेगा सुरक्षा जवान भर्ती कैम्प

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम 2005 के तहत एवं जिला रोजगार कार्यालय चुरू के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप नोएडा द्वारा 150 सुरक्षा जवान, 30 सुपरवाईजर 20 ड्रोन पायलट हेतू भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जीडीएक्स सिक्योरिटी ग्रुप नोएडा के भर्ती अधिकारी राजेन्द्र कुमार सरगरा ने बताया कि दिनांक 03-06-2026 को पंचायत समिति तारानगर 04-06-2026 को पंचायत समिति सरदारशहरए 05-06-2026 को पंचायत समिति बीदासर, 08-06-2026 को पंचायत समिति रतनगढ़, 09-06-2026 को पंचायत समिति सुजानगढ़ में सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक भर्ती कैम्प आयोजित किया जाएगा, इच्छुक युवा जिनकी योग्यता. 10वी पास, उम्र. 18 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी, वजन 52से 96 किलो, एवं सुपरवाईजर हेतु स्नातक कम्प्यूटर उम्र 21 से 40 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी. वजन 55 से 96किलो हो वे अपनी 10 वी की अंकसूची, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो रजिस्ट्रेशन शुल्क 250 रूपये चयनित उम्मीदवार हेतु स्वयं ब्लॉक में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, इस भर्ती शिविर में दूसरे जिले के युवा भी ब्लॉक में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैएअधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मो. न. 9289153551, 9799414022 पर सम्पर्क कर सकते हैं। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक कालेज प्रांगण में स्थित सेंटर में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ जयपुर एयरपोर्ट, बीकानेर सोलर प्लांट, जयपुर निम्स हॉस्पिटल, मोल, अहमदाबाद एयरपोर्ट एवं राजस्थान, के बड़े-बड़े ओद्योगिक क्षेत्रों में 18000 से 22, 000 तक के मासिक सेलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ , पेंशन, बीमा, मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा, प्रमोशन जैसे सुविधाओ के साथ ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं रियायती दरों पर दी जाएगी ।

# साईबर फ्रॉड के आरोपियों की धरपकड़ जारी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू की साईबर थाना पुलिस टीम एक्शन दौर में नजर आ रही है, जहाँ टीम ना सिर्फ साईबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों को पकड़ रही है बल्कि साईबर ठगो जो अपने बैंक अकाउंट किराए पर देने वाले आरोपियों को भी चिन्हित कर लगातार कारवाई कर रही है। साईबर थाना के डीएसपी विजय कुमार ने बताया नवंबर 2024 में परिवादी शीशपालाराम के पास फेसबुक पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने पर पीड़ित को फारेस्ट मार्केट में निवेश का प्रलोभन देकर आरोपियों ने पीड़ित के साथ 24 लाख 84 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। जिसका पीड़ित ने साईबर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया और साईबर थाना टीम ने तकनीकी सबूतों को जुटाकर जोधपुर पहुंची और वहां से प्रियांशु तेजी को गिरफ्तार किया। साईबर थाना टीम ने पूछताछ के बाद आरोपी प्रियांशु तेजी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहाँ कोर्ट ने आरोपी ?ो जेल भेजने का आदेश दिया है।

## दुपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी का दुपहिया वाहन बाइक बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और नशे की जरूरतें पूरी करने के लिए दुपहिया वाहनों की चोरी करता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर आशु महावर 18 निवासी अहता किला पिनाहट उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई बाइक बरामद की गई है। वर्तमान में आरोपित भांकरोटा थाना क्षेत्र में खानाबदोश की तरह रह रहा था और पहचान छिपाकर विभिन्न स्थानों पर घूमता था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और नशे के लिए पैसों का इंतजाम करने हेतु बाइक और स्कूटी चोरी करता था। पुलिस को आशंका है कि आरोपी शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और उसके संभावित साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल छोटूराम और कांस्टेबल मंगलज की विशेष भूमिका रही।

## चलती स्कूटी पर झपट्टा मारकर पर्स लूटा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रापथ थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो सहेलियों से लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार बदमाशों ने चलती स्कूटी का पीछा कर पीछे बैठी युवती का पर्स झपट लिया। छीना.झपटी के दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। घायल युवतियों ने उपचार के बाद शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज कराया है। हेड कांस्टेबल राजेश ने बताया कि मानसरोवर निवासी प्राची शर्मा 27 ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी सहेली मनप्रीत के साथ स्कूटी से सांगानेर जा रही थी। दोनों श्रेयांश पैराडाइज के पास से गुजर रही थींए तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटी का पीछा किया और अचानक झपट्टा मारकर पीछे बैठी प्राची का पर्स छीन लिया। पर्स छीनने के दौरान स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सहेलियां सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में दोनों को चोटें आईं और वे कुछ समय के लिए बेसुध हो गईं। बाद में उन्होंने स्वयं को संभाला और एक निजी अस्पताल में उपचार कराया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लूटे गए पर्स में करीब 10 हजार रुपए नकद, पहचान पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हेड कांस्टेबल राजेश ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

## नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना लगातार जारी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार 31 वें दिन भी मंगलवार को अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, इकबाल खान कायमखानी, मदन सिंह, हंसराज सियोता, विनोद ढ़ेनवाल, अजय सियोता, महेश चौहान, इस्माईल खां, नथमल, लालचंद बैदी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा, प्रीतम सांखला, चांदमल, अकरम आदि लोग मौजूद रहे। गांधी चौक पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्तियां लगाए जाने की मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और कल्याण पर कार्यशाला आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस आयुक्त जयपुर के निर्देशन में राज्यव्यापी ऑपरेशन स्माइल के तहत मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी आरपीए के ऑडिटोरियम में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और कल्याण संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा थाना स्तर के नोडल पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाना रहा। कार्यशाला में सहायक पुलिस आयुक्त विजिलेंस एंड विकर सेक्शन सुरेन्द्र सिंह बांगड़वा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार शर्मा, सुलेश चौधरी, नीरज पाठक, जिज्ञासा, विभिन्न थानों के नोडल अधिकारी तथा ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जितेन्द्र कुमार सेठी, वसुधा एनजीओ की डायरेक्टर एवं ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता मोनिका शर्मा, महात्मा गांधी अस्पताल की मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू भास्कर, डॉ. नकुल सोमानी, ट्रांसजेंडर प्रतिनिधि नूर शेखावत तथा एसीपी सुरेन्द्र सिंह बांगड़वा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों का संरक्षण अधिनियम-2019, ट्रांसजेंडर समुदाय की समस्याओं, उनके अधिकारों एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पुलिस अधिकारियों को समुदाय के प्रति संवेदनशील व्यवहार और विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में पुलिस और ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच संवाद एवं विश्वास बढ़ाने तथा समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती धांधली मामला : दो साल से फरार दस हजार का इनामी डमी परीक्षार्थी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की वरिष्ठ अध्यापक ;माध्यमिक शिक्षा द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 में हुई धांधली के मामले में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे दस हजार के इनामी डमी परीक्षार्थी नरेश कुमार निवासी करडा जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने के आरोप में वांछित था। न्यायालय ने उसे 9 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि आरपीएससी द्वारा वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के तहत 24 दिसंबर 2022 को सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान तथा विज्ञान विषय की परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र



लीक होने के कारण यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। जिसे बाद में 29 जनवरी 2023 को पुनः आयोजित किया गया। एसओजी की जांच में सामने आया कि जालौर जिले के चितलवाना थाना क्षेत्र के परावा निवासी मूल अभ्यर्थी गोपाल सिंह ने स्वयं परीक्षा देने के बजाय अपनी जगह दो अलग-अलग डमी परीक्षार्थियों को बैठाया था। एसओजी की जांच के अनुसार नरेश कुमार ने 29 जनवरी 2023 को जालौर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागोड़ा परीक्षा केंद्र पर गोपाल सिंह के स्थान पर सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा दी थी। इसके बदले दोनों के बीच पांच लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। वहीं विज्ञान विषय की परीक्षा में गोपाल सिंह की जगह परीक्षा देने वाले दूसरे डमी परीक्षार्थी विष्णु प्रकाश, जो एमबीबीएस का छात्र है को एसओजी पहले ही 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच में सामने आया कि इस फर्जीवाड़े के जरिए गोपाल सिंह परीक्षा में सफल हो गया था और उसका चयन वरिष्ठ अध्यापक द्वितीय श्रेणी विज्ञान विषय के पद पर भी हो गया था। हालांकि आरपीएससी को मिली शिकायत के बाद उसकी नियुक्ति रोक दी गई। मामले की जांच एसओजी को सौंपे जाने के बाद मुख्य आरोपी एवं मूल अभ्यर्थी गोपाल सिंह को 29 दिसंबर 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुसंधान अधिकारी प्रकाश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी नरेश कुमार को एसओजी थाने में दर्ज प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था और उस पर दस हजार का इनाम घोषित था।

उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से 9 जून तक पुलिस रिमांड मंजूर किया गया है। एसओजी अब आरोपी से पूछताछ कर परीक्षा धांधली से जुड़े नेटवर्क, वित्तीय लेन.देन और अन्य संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। एसओजी के अनुसार भर्ती परीक्षा धांधली से जुड़े इस प्रकरण में अब तक कई महत्वपूर्ण खुलासे हो चुके हैं और गिरोह के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

# अवैध हुक्का बार पर पुलिस का छापा, कैफे संचालक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध हुक्का बारों और स्पा सेंटरों की आड़ में संचालित संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ जयपुर दक्षिण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सी-स्कीम स्थित एक कैफे और अजमेर रोड के स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में अवैध हुक्का बार संचालित करने के आरोप में कैफे संचालक को गिरफ्तार किया गया, जबकि हुक्का पीते मिले सात ग्राहकों पर जुर्माना लगाया गया। वहीं एक स्पा सेंटर से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि अशोक नगर, महेश नगर और सोडाला थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि अशोक मार्ग, सी-स्कीम स्थित ब्लूज कैफे एंड रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने कैफे पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कैफे संचालक तरुण को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके पर हुक्का पीते मिले सात ग्राहकों के खिलाफभी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने कैफे से हुक्का सामग्रीए चिलमए पाइप और विभिन्न फ्लेवर जब्त किए हैं। इसी क्रम में सोडाला चौराहे के पास स्थित वाइल्ड स्टोन स्पा सेंटर पर भी पुलिस ने छापा मारा। जांच के दौरान स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर पुलिस ने चार व्यक्तियों को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत हिरासत में लिया। इनमें नवीन



खंडूजा, विशल कंशल, रमन गुर्जर सहित अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सभी से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा महेश नगर थाना पुलिस ने न्यू सांगानेर रोड स्थित इन्फिनिटी स्पा सेंटर में भी आकस्मिक जांच की। पुलिस को दोनों स्पा सेंटरों में विभिन्न अनियमितताएं मिली हैं। इसके आधार पर संबंधित विभागों को पत्र लिखकर लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि जयपुर दक्षिण क्षेत्र में किसी भी कैफे, रेस्टोरेंट या स्पा सेंटर की आड़ में नशे अथवा अवैध गतिविधियों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी विशेष अभियान जारी रहेगा।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, मोटर साईकिल, जेवरात जब्त

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।**

गोठड़ा के बैंक कॉलोनी से करीब एक माह पूर्व सुने मकान का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की वारदात के दौरान काम में ली गई मोटर साईकिल व चोरी किए हुए सोने चांदी के आभुषण बरामद कर लिए। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गोठड़ा निवासी सुभाष टेलर ने 6 मई को रिपोर्ट दी कि 22 अप्रैल को पत्नी को दिखाने के लिए जयपुर गया था, वहां से अपने बड़े बेटे मनोज के पास उदयपुर चला गया। मकान की देखरेख के लिए पड़ोसी को चाबी देकर गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर घुस कर घर में रखे कीमती सामान, जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर एसपी कावेंद्रसिंह सागर ने गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर चोरी की वारदात का जल्द खुलाशा करने के निर्देश दिए। गठित टीम ने चोरों की तलाश शुरू की। टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी विशलेषण के आधार पर माताचौक पुराना बाजार लूहारू हरियाणा निवासी आरोपी गजानंद ऊर्फ गज्जु को जिला जेल चूरू से एवं रोतापुर थाना मितोली जिला लखीमपुरखिरी उतरप्रदेश निवासी अंकुश कुमार ऊर्फ राजू ऊर्फ साधु को फतेहपुर जेल से 29 मई को प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से सख्ती से पुछताछ की तो चोरी करना कबुल कर लिया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की निशान देही पर चोरी किए हुए सोने का एक मंगलसुत्र, एक अंगुठी सोने की, दो जोड़ी सोने के कानो के झूमके, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक ताबिज चांदी का, चांदी की पातड़ी, तीन जोड़ी मच्छी चांदी की बरामद की गई व घटना में काम में ली गई अपाची मोटरसाईकिल जब्त की।

## पांच कैडेट्स का आर्मी में चयन होने पर किया सम्मान

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बड़ागांव बस स्टैंड स्थित गोमती देवी पीजी कॉलेज के पांच एनसीसी कैडेट्स का आर्मी में चयन होने पर कॉलेज परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में आर्मी में चयनित एनसीसी कैडेट्स पूजा जांगिड़, अजय गिल, विश्वेंद्र सिंह, देवेंद्र एवं युवराज का माला पहना कर तथा मिठाई खिलाकर भव्य सामान किया गया। इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज निदेशक डॉ सी.एल. शर्मा ने आर्मी में चयनित हुए सभी कैडेट्स को हिदायत देते हुए कहा कि आपके बचपन में जो कुछ भूलें तथा गलतियां हुई। वे भविष्य में कभी भी नहीं करें। सभी अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे बनें। उन्होंने सभी की उत्तरोत्तर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कोटि-कोटि शुभकामनाएं दी।

## सम्मान : स्वामी का एयरफोर्स में चयन



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे की वार्ड नं 16 निवासी प्रतीक्षा स्वामी पुत्री दिनेश कुमार स्वामी का एयरफोर्स में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आश्रम के संत योगी सुंदर नाथ के सानिध्य में सादे समारोह में माल्यार्पण कर साफा, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न एवं मिठाई खिलाकर सम्मान कर शुभकामनाएं दी। विनोद स्वामी ने बताया कि प्रतीक्षा का प्रथम प्रयास में ही घर पर सेल्फ स्टडी करके यह सफलता प्राप्त की है। प्रतीक्षा ने युवा पीढ़ी को कहा है कि घर पर एकाग्रचित रहकर पढ़ाई करने पर सफलता एक दिन जरूर मिलती है। प्रतीक्षा ने मोबाइल से दूर रहकर केवल अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर रखकर तैयारी की थी। एयरफोर्स में चयन होने पर पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा एवं युवा नेता डॉ राजपाल शर्मा ने प्रतीक्षा को दूरभाष के जरिये शुभकामनाएं दी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, तहसीलदार कमलेश चेजारा, निवर्तमान चेयरमैन मनीष चौधरी, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, प्रमोद पचलँगिया, पंडित आदित्य नारायण सुरोलिया, रमेश दर्जी, गीगराज सैनी, चंद्र पाल दूलड़, जितेंद्र पोरवाल, अरविंद चौबे, दौलत राम सैनी, सीताराम, ओमप्रकाश, शिंभू दयाल, श्याम लाल, दिनेश, आशाराम, विक्रम, मुन्नी देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

## एसडीएम लहुआ का हुआ सम्मान

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद् शाखा लाडनूं ने सम्पर्क पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नव पदस्थापित उपखण्ड अधिकारी ममता लहूवा का अभिनंदन किया। साथ ही वयोवृद्ध सदस्य ललित कुमार वर्मा के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया गया। सेवा प्रकल्प के अंतर्गत नगर में चल रहे विभिन्न जल मंदिरों की श्रृंखला में मुख्य डाकघर में जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर शाखा संरक्षक हनुमान मल जांगिड़, सुशील पीपलवा, हंसराज सोनी, प्रांतीय वित्त सचिव पुरुषोत्तम सोनी के साथ शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय अंकेक्षक नीतेश माथुर उपस्थित रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत कासिमपुरा पंचायत समिति झुंझुनूं (राज.)

क्रमांक 43 दिनांक 01/06/2026

**निविदा सूचना संख्या 02/2026-27**

NIB Code :- PGH2627A0008

ग्राम पंचायत कासिमपुरा पंचायत समिति झुंझुनूं क्षेत्र में पेयजल संबंधित कार्यों हेतु इच्छुक संवेदकों से ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 08.06.2026 दोपहर 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का अन्य विवरण वेबसाईट (http/www.eproc.rajasthan.gov.in and http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल लागत राशि रूपये 8.70 लाख है।

UBN:- PGH2627WSOB00008

प्रशासक, ग्राम पंचायत कासिमपुरा, पंचायत समिति झुंझुनूं।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कासिमपुरा, पंचायत समिति झुंझुनूं।

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BIHARIPUR P.S. PATAN (SIKAR)

S. NO.-24 DATE-31-05-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bid for rate contract of material procurement in varies construction works under MGNAREGA and other scheme for gy 2026-27 are invited from interested bidders till date 08-06-2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portel (http:sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is rs: 3000000/-

UBN No.- PKP2627GLRC00054

**VDO** G.P. BIHARIPUR

**PRASHASHAK** G.P. BIHARIPUR

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल अजीतगढ़ (सीकर)

Email.Id: Npajitgarh@gmail.com

क्रमांकःन.पा.अजी./2026-27/407 दिनांकः- 29.05.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका अजीतगढ़ की ओर से विकास/नाला सफाई का कार्य करने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29.05.2026 से दिनांक 05.06.2026 तक अमानता राशि जरिये डी.डी. एवं निविदा शुल्क जमा जरिये नगद. से इस कार्यालय में जमा करवाकर प्राप्त की जाकर पूर्णतया भरी हुई निविदाऐं उसी दिनांक को सायं 2.00 बजे तक वापिस प्राप्त की जाकर उसी तिथि को सायं 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल(http://sppp.raj.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

उक्त कार्य की एनआईबी कोड व यूबीएन निम्नानुसार हैं :-

NIB code : DLB2627A2411

UBN : -DLB2627WSOB06024

राज.संवाद/सी/26/3951

अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (सीकर)

क्रमांक-1438 दिनांक :- 25.05.2026

**निविदा सूचना**

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (सीकर) निम्न कार्य हेतु इच्छुक आपुर्तिकर्ताओं से निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| नाम कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा डोक्यूमेंट प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| बैड साइट कर्टन | 900000 | 18000 | 400 | 08.06.26 10 AM बजे | 09.06.26 10 AM बजे |

UBN-MHS2627GSOB01225,

DIPR/C/9370/2026

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना

# नेशनल रोल बॉल लीग में पूजा महला ने जीता स्वर्ण पदक

श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** मध्यप्रदेश के इंदौर में भारतीय रोल बॉल संघ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश रोल बॉल एसोसिएशन द्वारा 21 से 25 मई तक आयोजित नेशनल रोल बॉल लीग में महला रोल बॉल एकेडमी की प्रतिभावान खिलाड़ी पूजा महला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महला रोल बॉल एकेडमी के प्रशिक्षक पिंटू दयाल शर्मा ने बताया कि लीग के लिए हुए ऑक्शन में पूजा महला का चयन राजवंश रॉयल्स टीम में हुआ था। प्रतियोगिता के दौरान राजवंश रॉयल्स ने अपने सभी लीग मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्योम फ्लायर्स, डीसी टाइटंस, एसआरबी इलाइट, आर्क ब्लेजर्स एवं ओंकार स्ट्राइकर्स जैसी मजबूत टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। सेमीफाइनल मुकाबले में राजवंश रॉयल्स ने व्योम फ्लायर्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद खेले गए रोमांचक एवं निर्णायक फाइनल मुकाबले में राजवंश रॉयल्स ने डीसी टाइटंस को 5-4 के करीबी अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पूजा महला ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि पूजा महला इससे पूर्व भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीतकर अपने क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुकी हैं। वर्तमान में वे अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में रींगस स्थित एईएन कार्यालय में कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल के सचिव विशाल महला, विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने पूजा महला को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सचिव विशाल महला ने माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया।



# कलयुग में गृहस्थ का सबसे बड़ा यज्ञ श्रीमद् भागवत ज्ञान : तिवाड़ी



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सेहीकलां गांव में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच नेत दादा मंदिर परिसर में पवित्र श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व नेत दादा मंदिर में भागवत की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ से प्रवचन देते हुए वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कलयुग में गृहस्थ का सबसे बड़ा यज्ञ है। भागवत जीना एवं मरना दोनों सिखाती है। भागवत यह बतलाती है कि गृहस्थ में रह कर भगवान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भागवत कोई मनोरंजन का ग्रन्थ नहीं बल्कि यह तो मन भंजन का ग्रन्थ है, भागवत बताती है कैसे मन को संसार से मुक्त कर भगवान को अर्पित करे। कथा में भागवत महात्म्य, राजा परीक्षित के चरित्र का वर्णन सहित अन्य प्रसंग सुनाए गए। कथा में भगवान विष्णु की सजीव झांकी का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। कथा से पूर्व पंडित बालकिशन चौरसिया ने यजमान हजारीलाल शर्मा को सपत्निक भागवत व व्यास पूजन करवाया। कथा में डॉ जगदीश प्रसाद शर्मा, अशोक शर्मा, विक्रम शर्मा, करण सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह शेखावत, मातुराम महरिया, संजय कुमार, भगत नत्थूराम शर्मा, जितेंद्र जांगिड़, सत्यनारायण कुमावत, प्रमोद भगत, होशियारी लाल शर्मा, गजानन्द शर्मा, अनिल शर्मा, धरम सिंह शेखावत सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन समिति के प्रवक्ता डॉ जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि 8 जून तक चलने वाले सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त चरित्रों एवं धर्म, भक्ति और मानव जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। कथा स्थल को धार्मिक सजावट से भव्य रूप दिया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

# माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण हेतु कार्यशाला आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंजू महला ने बताया कि माय भारत पोर्टल भारत सरकार का एक डिजीटल प्लेटफॉर्म है जहां भारत के युवा 15 से 29 वर्ष तक के सामाजिक, शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत पोर्टल जो कि युवाओं को देश निर्माण की गतिविधियों से जोड़ता है। साथ ही साथ यह पोर्टल युवाओं के नेतृत्व में विकास, अनुभवात्मक शिक्षा और स्वयंसेवा के माध्यम से विकसित भारत के विजन को साकार करने का एक महत्वपूर्ण तकनीकी माध्यम है। सभी विद्यार्थी इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करके राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में नामांकन करवाकर लाभान्वित होंगे।

# ट्रांसपोर्टरों की समस्याएं लेकर कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमंडल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पुरुषोत्तम शर्मा से मुलाकात कर परिवहन कारोबार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अनिवार्यता के कारण वाहनों के परमिट जारी होने में आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन के निर्देशानुसार उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल एवं सदस्य सुनील सोनी ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मुलाकात कर ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने बताया कि व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अनिवार्यता के चलते अनेक वाहनों के परमिट जारी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे परिवहन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इस पर ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पुरुषोत्तम शर्मा ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भी पत्र भेजा गया है, ताकि व्यावहारिक समाधान निकाला जा सके। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकृत 151 वेंडर्स के माध्यम से व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया। इसके अलावा ई-डिटेक्शन चालानों में एमनेस्टी योजना लागू करने तथा ओवरलोड वाहनों के मामलों में 10 प्रतिशत तक व्यवहारिक छूट देने जैसे मुद्दे भी उठाए गए। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए सभी सुझावों और मांगों पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान परिवहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और तकनीकी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विभाग स्तर पर जल्द निर्णय होने से ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को राहत मिलेगी और लंबित समस्याओं का समाधान हो सकेगा।



# कानूनी व सामाजिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर में सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू में तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार मंगलवार को गांव अभयपुरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने श्रमिकों को बताया कि वर्ष में125 दिन रोजगार 1 जुलाई से मनरेगा की जगह वीबी-जी-राम जी लागू कर दिया गया है फेस रिकग्निशन जॉब कार्ड और नई फंडिंग संरचना के बारे में भी बताया और श्रमिकों के कानूनी अधिकार, रोजगार की गारंटी, आवेदन और भत्ता, मजदूरी और भुगतान, कार्यस्थल का दायरा सभी के बारे में बताया श्रमिकों को बताया कि राशन कार्ड पेंशन, आवास, जमीन, बिजली एस्वास्थ्य, जैसी समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी। इसमें अनेक लोगों उपस्थित रहे।

# पांच माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के शिव मंदिर के पास रहने वाली एक पांच माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका का शव घर के चौक में पंखे के हुक से चुन्नी के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतका आशा देवी 26 पत्नी प्रकाश नागपुरिया निवासी शिव मंदिर के पास, लाडनूं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल बोर्ड का गठन कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतका के भाई विनोद प्रजापत ने पुलिस को रिपोर्ट देकर ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही उनकी बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। पीहर पक्ष ने घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार आशा देवी का विवाह करीब छह वर्ष पूर्व प्रकाश नागपुरिया निवासी लाडनूं के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि पति.पत्नी के बीच अनबन के चलते वह कुछ समय से अपने पीहर में रह रही थी। दो दिन पूर्व ही वह अपने पीहर से वापस ससुराल लौटी थी। इसी बीच मंगलवार को उसकी मौत की सूचना मिलने पर पीहर पक्ष लाडनूं पहुंचा और मामले में संदेह जताया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या, दहेज प्रताड़ना सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# वंदे गंगा प्रभात फेरी निकाली

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा नगर पालिका परिसर से वंदे गंगा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी सहदेवदान चारण, कनिष्ठ अभियंता अंकित कुशवाहा, फायर शाखा प्रभारी संजय बारी, एसआई सत्यप्रकाश तथा नगर पालिका कर्मचारी जयप्रकाश सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रभात फेरी के दौरान जल संरक्षण संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से नागरिकों को जल बचाने, वर्षा जल संचयन अपनाने तथा जल स्रोतों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, वंदे गंगा जन अभियान के नगर संयोजक दीपक मुरारका, सुभाष भूण, गौतम महर्षि, किशनलाल प्रजापत, सुफियान गौरी, बजरंग लुहानिवाल, सीताराम दर्जी, राजेंद्र चांदगोठिया, साबिर गौरी, राजेश भावनानी एवं रूपचंद पंवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं आमजन ने भाग लिया।




# जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा भेरूसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक रवि गहलावत ने बताया कि हमें अपनी आमदनी में से कुछ बचत करनी चाहि, क्योंकि की विभिन्न बचत की योजनाओं से हमें जुड़ना चाहिए। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर हमें 1930 पर अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सके मनी म्यूल अकाउंट की जानकारी के देते हुए बताया कि हमें अपना खाता किसी को भी किराए पर नहीं देना चाहिए/इसके साथ ही ग्रामीण जनों की बैंकिंग समस्याओं का समाधान भी किया। बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिलाधिकारी राहुल देवराव गोले ने सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हमें अपनी बच्ची जो 10 वर्ष से छोटी हो उसका सुकन्या समृद्धि योजना का खाता अवश्य ही खुलवाना चाहिए। सेंटर मैनेजर दलजीत सिंह ने आरडी, एफडी, बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी। चूरू फील्ड कॉर्डिनेटर प्रेमचंद खारडिया ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी। प्रशासक किशनसिंह, मनरेगा मेट राधेश्याम, रामकुमार, नानू देवी, रघुवीर सिंह, मुरारी लाल, चोखेराम, सावर सिंह, दीपाराम, मघाराम, हरदेवराम, जितेंद्र सिंह, लीलाधर, मीरा, लक्ष्मी, सजना आदि उपस्थित थे।

# गर्मी में यात्रियों का सहारा बनी गौसेवा टीम

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान में तपती गर्मी और झुलसा देने वाली लू के बीच चुरु जिले से सटे शहर लाडनूं में गौसेवा टीम मानवता की मिसाल पेश कर रही है।

टीम के सदस्य करीब डेढ़ महीने से रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की सेवा में निस्वार्थ जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी से परेशान यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए टीम द्वारा प्रतिदिन ठंडा पानी, राजस्थानी राबड़ी, मसालेदार छाछ एवं ताजे ज्यूस का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। गौसेवा टीम के लगभग 30 सदस्य रोजाना दोपहर के समय रेलवे स्टेशन पहुंचकर सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। टीम अध्यक्ष अमित डावर व सदस्य चेतन भोजक ने बताया कि तेज गर्मी के कारण यात्रियों को पेयजल और ठंडे पेय की आवश्यकता महसूस होती है। इसी उद्देश्य से टीम के सदस्य यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। टीम का मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी भावना के साथ यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यात्रियों ने भी गौसेवा टीम की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य लोगों केआई प्रेरणादायक बताया।



# इंडियन एयरफोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट में प्रिंस डिफेंस एकेडमी के रिकॉर्ड 135 चयन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** इंडियन एयरफोर्स की ओर से जारी एयरफोर्स भर्ती परीक्षा फाइनल मेरिट लिस्ट में पालवास, सीकर स्थित प्रिंस डिफेंस एकेडमी के रिकार्ड 135 चयन हुए हैं। एक्स रूप में 81 एवं वाई रूप में 54 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इस परिणाम में प्रिंस डिफेंस एकेडमी की 9 छात्राओं ने भी सफलता हासिल की है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रिंस डिफेंस एकेडमी में जश्न का माहौल रहा। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा ने कहा कि इस उपलब्धि में सालभर किये गये शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक प्रयास के साथ परीक्षा हेतु विशेष रूप से चलाई गई विभिन्न टेस्ट सीरीज की भी अहम भूमिका रही है। चयनित सभी विद्यार्थी जून माह में इंडियन एयरफोर्स के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक कैप्टन रामकरण चौधरी, एकेडमिक हेड प्रदीप जांगड़ा, छात्रावास अधीक्षक राधेश्याम यादव आदि ने चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं फिजिकल ट्रैनर्स को बधाइयाँ दी।

# खोया बैग वापस लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कलवानियों का बास वार्ड नम्बर 4 नायन जयपुर निवासी ललिता शर्मा का बैग लिसाड़िया जाते समय भैरूजी मंदिर दिवराला रोड पर गिर गया था जिसमें उसका मोबाइल फोन, जरुरी कागजात एवं कुछ रुपये थे। दिवराला की ढ़ाणी गोलीड़ा निवासी मालीराम यादव जो अजीतगढ़ से अपने गांव दिवराला लौट रहे थे उनको यह गिरा हुआ बैग मिला। बैग उठाने पर बैग में रखे मोबाइल पर घंटी आई। मालीराम यादव ने फोन रिसीव किया और बैग मिलने की बात बताई और कहा कि दिवराला की ढ़ाणी गोलीड़ा आकर अपना बैग ले जाओ। यादव ने मिले बैग को उसके असली मालिक तक सुरक्षित पंहुचाकर ईमानदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर अनमोल शर्मा, सीताराम यादव, मालीराम यादव, सुशील शर्मा दिवराला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रीती सक्सेना को मिला बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** इंदौर में आयोजित लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल कन्वेंशन में जयपुर डायमंड क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई सम्मान हासिल किए। क्लब की सचिव प्रीती सक्सैना को उनके उत्कृष्ट प्रबंधन और सक्रिय कार्यशैली के लिए मल्टीपल बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कन्वेंशन में क्लब को थैलेसीमिया प्रोजेक्ट और यूथ एक्सचेंज प्रोजेक्ट के जरिए समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी विशेष अवार्ड मिला। कार्यक्रम में जयपुर डायमंड क्लब की टीम का नेतृत्व पीडीजी आलोक अग्रवाल ने किया। टीम में क्लब अध्यक्ष ममता पंचोली और कोषाध्यक्ष अनुप्रा शर्मा शामिल रहीं। इस अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन में 5 डिस्ट्रिक्ट के 800 से अधिक क्लब्स के करीब 1700 डेलीगेट्स मौजूद रहे। रीजन-15 अश्लेषा के चेयरपर्सन अशोक जिंदल सहित संस्थापक सदस्य सुधीर जैन, अजय अग्रवाल और तेजेन्द्र गर्ग ने क्लब की उपलब्धियों पर खुशी जताई और शुभकामनाएं दीं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि यह सम्मान सभी सदस्यों की मेहनत और समाज सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। भविष्य में भी क्लब थैलेसीमिया जागरूकता और युवाओं के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य करता रहेगा।

# रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चूरू जिला अध्यक्ष समीर खान खोखर को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ चूरू जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। चूरू निवासी अरसद पठान को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल का जिला महासचिव नियुक्त किया गया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इलियास खान ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग में कहा कि चूरु जिला क्षेत्र के और चूरू तहसील क्षेत्र के जो भी पुराने कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे और पार्टी से जुड़े रहे, उनसे दुबारा जुड़ने की अपील की जाती है। इलियास खान ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ाए, आने वाले 2028-29 में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में अच्छे उम्मीदवारों को आगे लाए। इस अवसर पर कौशल ढाका, विकास, अनिरुद्ध, जुनैद, आफताब अन्य मौजूद रहे।

# बेजुबानों के लिए परिण्डे लगाए

सुरेन्द्र शर्मा



सीकर (नवयत्न)। लक्ष्मी मार्केट में बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए परिंडे एवं चुग्गादान लगाने का सेवा कार्य किया। संजय शर्मा ने नियमित रूप से परिंडों में पानी एवं चुग्गादानों में दाना भरने का संकल्प लिया। भाग चन्द सेठी ने लोगों को भी संदेश दिया कि सभी बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा के लिए आगे आएं। साथ ही इन परिंदों को भी जीवित रखने के लिए परिंडे बांधकर उनमें दाना-पानी की व्यवस्था करें। इस अवसर पर भागचंद सेठी, प्रियंक गंगवाल, संजय शर्मा, शम्भीकांत शर्मा, पवन पारासर, आदिल खलीफा, मदन सिंह, निखिल सैनी, सुनील रुहेला, राहुल सैनी आदि उपस्थित थे।

# एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने मंगलवार को एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल टेस्ट किया है। यह टेस्ट वायुसेना के सू-30एमकेआई फाइटर जेट से किया गया। ये मिसाइल हवा से जमीन में 300किमी की तक की रेंज में दुश्मन को खत्म करेगी। रुद्रम-2 मिसाइल को दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी नेटवर्क को खत्म करने के लिए बनाया गया है। यह मिसाइल दुश्मन के रडार बंद होने पर भी उसे खोजकर खत्म करेगी। प्राइड अटैक- इस मोड में मिसाइल दुश्मन के बंकर, एयरस्ट्रिप, भूमिगत एयरक्राफ्ट हैंगर, रडार और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमला कर सकती है। एंटी-रेडिएशन- इस भूमिका में इसका प्रमुख टारगेट रडार स्टेशन, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी केंद्र, कम्युनिकेशन और जैमिंग सिस्टम होते हैं।